CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 73,137.90
निफ्टी 22,161.60

सोना 91,360
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 312 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

**बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव**

### दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

# कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

मुंबई वार्ता

**17 अप्रैल तक बढ़ाई अंतरिम सुरक्षा, एफआईआर रद्द करने पर आज होगी सुनवाई**

**महाराष्ट्र के** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की एफआईआर में कामरा को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है, जो सोमवार को समाप्त होने वाली थी।

इसके अलावा कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और मंगलवार, 8 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई को मंजूरी दी है। बता दें, कामरा ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम अपनी वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया था। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी वेबसाइट से रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था।

### भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

### 12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा कांग्रेस की कमाई में 252%की वृद्धि

## 'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता



**इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला**

**एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की**

**केंद्र और देश के** कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199.17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।

# वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में

-शेष पृष्ठ दो पर

## यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामलों को



आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर

-शेष पृष्ठ दो पर

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।



श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।

### आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

### मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।




# लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों को किया बाहर

**लखनऊ।** यूपी में बसपा ने दो जिलाध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से बाहर किए जाने के पीछे की वजह पार्टी विरोधी गतिविधियों को बताया है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर शहर के अपने दो पूर्व जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की है। इसमें से एक को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था और फिर तुरंत बाद ही हटा भी दिया गया था। बसपा के पुराने नेता एक-एक करके पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कानपुर में मात्र डेढ़ साल के अंदर 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं। अब पार्टी प्रमुख ने कड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व जिलाध्यक्षों संजय गौतम और आनंद कुरील को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। संजय गौतम को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था। आनंद कुरील पहले पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि पाटी ने विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता अपनाने के कारण दोनों पूर्व पदाधिकारियों को पीर्ं से निष्कासित कर दिया है।

### माउंट आबू में घुसे भालू, हमले में होटलकर्मी घायल

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ढुंढाई क्षेत्र में स्थित एक होटल परिसर में रविवार शाम को चार भालुओं के हमले से एक होटलकर्मी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार भालुओं का समूह वन क्षेत्र से निकलकर शहरी क्षेत्र में एक होटल के परिसर में घुसकर इधर-उधर घूमने लगा। इसी दौरान होटलकर्मी बूटा सिंह संधू अपने कमरे से होटल की ओर जा रहा था। होटल परिसर में प्रवेश करते ही उसे चार भालू दिखाई दिए। भालुओं की नजर भी संधू पर पड़ गई, जिस पर भालू तुरंत होटलकर्मी संधू की ओर दौड़े। संधू भी उनसे बचने के लिए वहां से भागा, लेकिन भालुओं ने तीव्र गति से दौड़ते हुए होटलकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे होटलकर्मी को पैरों एवं कोहनी पर चोटें आईं। संधू के चिल्लाने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

### जाधव ने की हरित योग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने हरित योग की शुरुआत करते हुए कहा है कि यह व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है। जाधव ने सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक योग सत्र में कहा कि पिछले 10 वर्षों में योग ने अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है और अब यह एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने छह हजार से अधिक योग प्रेमियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया।

### अयोध्या:दुर्गामंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित में दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत शाहगंज चौकी बारुन मार्ग ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है।

# भगवा की आड़ में मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

**प्रयागराज, वार्ता**

रामनवमी पर महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडा फहराया। पुलिस के आने पर वे भाग गए। इस घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरगाह में हिंदू भी पूजा करते हैं, घटना से क्षेत्र में तनाव है।

अब इस मामले पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि झंडा फहराने वाला सीएम की जाति का है। उसको सरकार, पुलिस, एसपी, कमिश्नर कोई कुछ नहीं बोलेगा। मुख्यमंत्री के इशारे पर सब कुछ किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी छुपा रहा है। सरकार ऐसी घटनाएं को करवा कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरअसल, रामनवमी के दिन कुछ युवकों ने गाजी मियां की दरगाह पर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस की शक्ल में कुछ युवक दरगाह पहुंचे और उन्होंने गाजी मियां की दरगाह के गेट पर चढ़कर धार्मिक नारे लगाते हुए भगवा झंडा फहराया। इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसे महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच से जुड़े कार्यकर्ता नहीं मिले।



अखिलेश यादव ने योगी पर बोला हमला

### शेयर मार्केट से सरकार ने जेबें कर दीं खाली: सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शेयर बाजार गिरावट के ताजा घटनाक्रम पर टिप्पणी की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि कन्नौज सांसद ने लिखा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं,अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है।

### रामजीलाल सुमन को कुछ हुआ, तो योगी जिम्मेदार

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है, तो इसके लिए सीएम योगी खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि घटना करने वाले लोगों पर सीएम का हाथ है। इस घटना में जाति कनेक्शन है। अखिलेश ने कहा कि सीएम ने हिडन अंडरग्राउंड फोर्स तैयार कर रखी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तुलना हिटलर से की। सपा चीफ ने कहा कि हिटलर ऐसे ही टूपर्स तैयार करता था। सीएम के इशारे पर सीएम, आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और एक अखबार के इशारे पर हमें अपमानित करने का काम किया गया है। राणा सांगा विवाद के मामले में करणी सेना के सदस्यों ने रामजीलाल के घर पर तोड़फोड़ की थी। रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

### किसानों की उपेक्षा करती है योगी सरकार

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि टमाटर की पैदावार करने वाले किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जो दिखाता है कि सरका कृषक समुदाय की कितनी उपेक्षा करती है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपाई उत्पादन में नहीं, बल्कि किसी भी चीज को खरीदने-बेचने के काम को बढ़ावा देते हैं, जिससे बीच में कमाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिनए सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# वक्फ विधेयक पर नेकां विधायकों का भारी हंगामा

**जम्मू, वार्ता**

■ विस की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सोमवार को सदन की कार्रवाई दो बार स्थगित कर दी।

राथर ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार सुबह 12 दिन बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां विधायक संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अगर केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चर्चा की गई, तो मुस्लिम बहुल राज्य में वक्फ विधेयक पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। सदन की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली के नियम 58 के उपनियम (7) का हवाला देते हुए राथर ने कहा कि मामला विचाराधीन हो गया है, क्योंकि इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और शेख खुर्शीद द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जब नेकां विधायकों ने सदन में विरोध प्रदर्शन जारी रखा, कागज फाड़े, काले बिल्ले लहराए, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

बाद में जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो नेकां विधायकों ने भाजपा विरोधी नारेबाजी के बीच विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 'वक्फ बिल नामंजूर, काला कानून वापस लो, भाजपा हाय-हाय के नारे लगाते हुए सदन के बीचोबीच आने की कोशिश की, लेकिन मार्शलों ने उन्हें आसन की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी 'नेकां-कांग्रेस हाय-हाय', 'देश विद्रोही एजेंडा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर विस के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारी नेकां विधायकों को शांत करने का प्रयास किया और उन्हें अपनी सीटों पर लौटने का निर्देश दिया। नेकां विधायक नजीर गुरेजी ने कहा कि हम केवल वक्फ विधेयक पर चर्चा चाहते हैं, जो हमारे धर्म पर हमला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के हंगामा करने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## 50 फीसदी आरक्षण की दीवार तोड़कर फेंक दूंगा

# देश को 10-15 लोग ही चला रहे: राहुल गांधी

**पटना।**

राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया। पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे देश की सच्चाई पता चलेगी। इसीलिए इसे भाजपा रोकना चाहती है, लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अब हमने टीम बदल दी है। अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके।

बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की। इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।



■ सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए
■ हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक की कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर दी। यह हमला पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के समर्थकों ने किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना दौरे पर थे और सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक ले रहे थे।

### ट्रम्प ने उड़ा दी स्टॉक मार्केट की धज्जियां

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण भारत के शेयर बाजार के प्रभावित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां उड़ा दी हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है। हम सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी। वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे।

### सुप्रिया श्रीनेत ने साधा पीएम पर निशाना

बाजार में लगातार हो रही गिरावट पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि धड़ धड़ धड़ करके स्टॉक मार्केट गिर रहा है। 2020 में कोविड के बाद आज सबसे नीचे लेवल पर मार्केट खुला है। 5 मिनट में 19 लाख करोड़ स्वाहा हो गए। छोटे निवेशक यह बर्बादी देख रहे हैं, लेकिन लोगों को लपक लपककर स्टॉक मार्केट्स में पैसा लगाने की टिप्स देने वाले मोदी शाह खामोश क्यों हैं?

### राहुल निर्धारित समय से पहले पटना लौटे

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में नीतीश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और आजीविका की तलाश में होने वाले पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी 'पलायन रोको नौकरी दो' पदयात्रा में आज बेगूसराय में शामिल हुए। नई दिल्ली से पटना हवाईअड्डा पहुंचने के तुरंत बाद श्री गांधी 'पलायन रोको नौकरी दो' में हिस्सा लेने के लिए बेगूसराय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बेगूसराय में पद यात्रा में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता खासकर युवा और वरिष्ठ नेता उनके साथ थे।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड.19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 3.46 प्रतिशत लुढ़ककर 39,107.96 अंक और स्मॉलकैप 4.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 43,974.36 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4225 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3515 में बिकवाली जबकि 570 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 3036 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2640 में गिरावट जबकि 327 में तेजी रही, वहीं 69 में टिकाव रहा।



### निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में घरेलू निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड-19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इससे बाजार पूंजीकरण 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए पर आ गया।

### सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीतारमण का दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान वित्त मंत्री भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी और ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बातचीत करेंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल 2025 को लंदन में आयोजित होने वाला है। 13वीं ईएफडी वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वीं ईएफडी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच है, जो निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियमनों, यूपीआई अंतर्संबंधों, कराधान मामलों और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में मंत्री स्तर, अधिकारी स्तर, कार्य समूहों और संबंधित नियामक निकायों के बीच स्पष्ट जुड़ाव के अवसर प्रदान करता है।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, गेहूं सस्ता हुआ

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि आवक बढ़ने से गेहूं सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 140 रिंगिट लुढ़ककर 4562 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट के साथ 45.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं



150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ कानून...**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधिनियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

**यूपी में...**

आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। अदालत ने डीजीपी और गौतमबुद्ध नगर जिले के एक थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर से खास सवाल पूछे। पीठ ने इन अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि (सिविल) दीवानी विवाद में आपराधिक कानून क्यों लागू किया गया।

शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपराधिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

# वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।


## नाम परिवर्तन सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंण्डर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**काजल किन्नर वल्द यूसुफ**
**निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर ( उ०प्र० )।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पत्रकार के बेटे का हृदय गति रुकने से निधन

## शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पत्रकारों सहित पहुंचे क्षेत्र के गणमान्य, देर शाम किया सुपुर्द-ए-खाक

■ तेज बुखार होने व ब्लड प्रेशर स्थिर न होने पर 20 वर्षीय मुनीर को अस्पताल में कराया था भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना कस्बे के मौहल्ला मुन्नालाल के रहने वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्र शाह बुलेटिन के तहसील संवाददाता इसरार अंसारी के बड़े बेटे मुनीर अंसारी का रविवार देर शाम हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। जिसके बाद पत्रकार जगत में गम की लहर दौड़ पड़ी, और पत्रकार इसरार अंसारी के घर अपनी संवेदनाएं प्रकट करने वालों का तांता लगा रहा देर रात भैंसा रोड़ स्थित सतियों वाले कब्रिस्तान में मृतक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

दरअसल मवाना के मुन्नालाल मौहल्ले में डाकखाने वाली गली में पत्रकार इसरार अंसारी रहते हैं और हिंदी दैनिक शाह बुलेटिन समाचार पत्र में मवाना तहसील प्रभारी के पद पर तैनात हैं साथ ही पत्रकारों के संगठन ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मवाना तहसील उपाध्यक्ष भी हैं। रविवार देर शाम हृदय गति रुकने से उनके बीस वर्षीय बेटे मुनीर अंसारी का निधन हो गया दरअसल एक दिन पहले घर में एक फंक्शन में बिजी रहने के दौरान मुनीर को शनिवार देर रात बुखार हो गया। बुखार होने के बाद मुनीर को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका ब्लड प्रेशर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। डॉक्टरों के लाख प्रयास करने के बावजूद भी ब्लड प्रेशर सही नहीं हो पाया और रविवार देर शाम निधन हो गया। मुनीर मात्र बीस वर्ष के थे।

निधन की सूचना मिलने पर उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पत्रकार कृष्ण अवतार कन्हैया, शिवानंद शर्मा, अशोक चौहान, कुलदीप भारद्वाज, सतीश वर्मा, सचिन कश्यप, रिहान खान, रजनीश विश्वकर्मा, संचित अरोड़ा, वहीं भाजपा नेता सौरभ शर्मा, भाजपा नेता योगेंद्र जाटव, मोनू शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव पहुंचे। देर शाम मुनीर के शव को भैंसा रोड़ के सतियों वाले कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# एसडीएम ने किया नीट जेईई क्लासेज का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** स्टार अल-फलाह कालेज प्रबंधन देहात में प्रतिभाओं को निखरने के नए मौके मुहैया करा रहा है। सोमवार को नगर के मवाना रोड स्थित स्टार अल-फलाह लाईब्रेरी, कंप्यूटर सेंटर परिसर में नीट व जेईई क्लासेज का शुभारंभ एसडीएम मवाना ने फीता काटकर किया। नगर के मवाना रोड पर स्टार अल-फलाह लाईब्रेरी में नीट व जेईई की क्लासेज का शुभारंभ करने के बाद मुख्यातिथि एसडीएम मवाना दीपक माथुर ने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता खेत खलिहान से होकर जाता है। यानि देहात में हमेशा से प्रतिभाएं पलती बसती आई हैं। आवश्यकता उन्हें निखारकर तरक्की के अवसर प्रदान कराने की है। स्टार अल-फलाह प्रबंधन द्वारा किठौर में नीट व जेईई क्लासेज शुरू करने की पहल सराहनीय है। इससे न सिर्फ ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगी बल्कि गांव के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेंगी। इससे गांव के लोगों को उत्तम चिकित्सा सेवाएं भी मयस्सर होंगी। इससे पूर्व एसएसवी इंटर कॉलेज मुरलीपुर के प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह, केवी इंटर कालेज महलवाला के प्रधानाचार्य सुखेंद्रपाल सिंह, डॉ. विवेक शुक्ला ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं व गणमान्य मौजूद रहे।

# राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

## कमिश्नरी पार्क में भारी संख्या में पहुंचे समाज के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राज्यसभा सदस्य समाजवादी पार्टी रामजीलाल सुमन के विरोध में राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क में धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एडीएम सिटी को सौंपा जिसमें उनका कहना था कि आज देश में एक नया फैशन चल रहा है लोग अपने आप को चमकाने के लिए महापुरुषों को अब्दशब्द कह रहे हैं जिसका राजपूत स्वाभिमान संघर्ष समिति पूर्ण जोर विरोध करता करती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने राज्यसभा सदस्य सुमन को बर्खास्त न करके यह साबित कर दिया कि वह भी इस षड़यंत्र में बराबर के साझेदार हैं। सदस्यों ने मांग की है कि जल्द से जल्द रामजीलाल सुमन को बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा संघर्ष समिति एक बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान दिनेश सिंह पवार, राजेश सोम, सतीश चौहान, विनोद राणा, महेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से जनता परेशान, अधिकारी कर रहे हैं मनमानी

■ दिन में की जा रही है तीन से चार घंटे का कटौती, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है। वैसे-वैसे बिजली विभाग भी अपने रंग दिखाने शुरू कर दिये हैं। दिन में लगातार तीन से चार घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे नागरिकों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि हर रोज विद्युत विभाग के अधिकारी जिस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे घर में बैठी ग्रहणियों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे घरेलू कार्यों में बाधा आ रही है। नागरिकों एवं ग्रामीणों का कहना है कि यदि विद्युत विभाग अपने रवैया में सुधार नहीं करेगा तो बिजली घर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

बताते चले कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे बिजली विभाग अपने रंग दिखाने मैं पीछे नहीं हट रहे हैं। हर रोज दिन में तीन से चार घंटे बिजली कटौती कर रहा है। जिससे नागरिकों एवं ग्रामीण घर में बैठी ग्रहणियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि विद्युत विभाग अपनी मनमानी कर रहा है। नागरिक अनीस अहमद, विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, शरद कुमार, मनोज कुमार, उदयवीर सिंह, राजसिंह खलील अहमद आदि का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी क्षेत्र में विद्युत कटौती कर रहा है। जब भी उनसे बिजली कटौती की बात करते हैं तो उनको टका सा जवाब मिलता है की ऊपर से ही विद्युत कटौती की जा रही है। जैसे ही आएगी तुरंत आपूर्ति की जाएगी। लेकिन दोपहर के समय में गर्मी बढ़ जाती है। जिसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि विद्युत विभाग अपने रवैया में सुधार नहीं करेगा तो वह बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना देने से पीछे नहीं हटेंगे।

ऊपर से ही विद्युत कटौती की जा रही है। जैसे ही बिजली सप्लाई बिजली घर पर आती है तुरंत क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। **अधिशासी अभियंता राजेंद्र सिंह**

# आंबेडकर जयंती पर शाहजहांपुर जाएंगे अपना दल एस के कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक सुभाष नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। सर्वप्रथम भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल व पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार एडवोकेट ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा इस बार 14 अप्रैल को जिला शाहजहांपुर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाए जाने का निर्णय किया है। जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश व सभी जिलों से कार्यकर्ता शाहजहांपुर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मेरठ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शाहजहांपुर पहुंचेंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अलका पटेल, प्रदेश महासचिव विधि मंच कृपाल सिंह, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपा लोधी, जिला महासचिव बलीचंद पाल, महानगर अध्यक्ष राजू रौंदिया, दक्षिण अध्यक्ष फौलाद कुरैशी, जिला सचिव पंकज वर्मा, शहर अध्यक्ष यामीन खान, महानगर महासचिव जय किशन कर्णवाल, बबीता, रिंकू लोईया आदि रहे।

## एक नजर

### डीएम की अध्यक्षता में हुई निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक की गई। बैठक में डीएम द्वारा यूपीएस (1-8) भाटीपुरा माछरा तथा लोईया विकास क्षेत्र दौराला में कराये गये विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि समस्त विद्यालयो में फर्नीचर, बाउन्ड्रीवाल, पेयजल, शौचालय, किचन, साफ-सफाई, पुस्तके, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने समस्त बीईओ को विद्यालयो का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयो में झूले, फर्नीचर तथा अन्य सामान उच्च गुणवत्ता के हो। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त विद्यालयो की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, बीएसए आशा चौधरी, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, समस्त बीडीओ व बीईओ उपस्थित रहे।

### 11 को थाना परीक्षितगढ़ परिसर में की जाएगी लावारिस वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उप जिलाधिकारी मवाना ने प्रभारी निरीक्षक थाना परीक्षितगढ़ को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि थाना परीक्षितगढ़ पर खड़े चार लावारिस वाहनो की नीलामी 11 अप्रैल दिन बुधवार को समय प्रातः 11 बजे थाना परीक्षितगढ़ परिसर में जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में गठित समिति द्वारा की जायेगी। उक्त समिति में पुलिस क्षेत्रधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे।

### जिलाधिकारी ने विकास भवन में की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संचारी रोग से बचाव के लिए की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मलेरिया विभाग के अधिकारी से विभाग में संक्रामक रोगो से बचाव के लिए की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुये विभागो को ऐन्टी लार्वा दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नालो की नियमित साफ-सफाई, फॉगिग, ऐन्टी लार्वा दवा का छिड़काव कराने के निर्देश नगर निगम तथा समस्त अधिशासी अधिकारियो को दिये। शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि संक्रामक रोगो से बचाव के लिए प्रार्थना के समय बच्चो को जानकारी उपलब्ध कराई जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### वाईज रिजवी ने ली आसपा की सदस्यता, पार्टी के टिकट पर जिला पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सोमवार को महलका गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 6 के प्रत्याशी वाईज अब्बास रिजवी ने आजाद समाज पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर सदस्यता ग्रहण की। वही वार्ड नंबर 6 जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने का भी रास्ता साफ हो गया।

# मुस्कान निकली प्रेगनेंटः सीएमओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चर्चित सौरभ हत्याकांड में मुख्य आरोपी पत्नी मुस्कान मेरठ जेल में बंद है। आरोपी मुस्कान प्रेग्नेंट है। सोमवार को मेडिकल परीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई है। उसकी प्रेगनेंसी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये जानकारी मेरठ के सीएमओ ने मीडिया को दी है। वहीं अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है, इस मामले में अब जांच की दिशा बदल सकती है। दरअसल सौरभ राजपूत की तीन मार्च की रात उसकी पत्नी मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा था। साहिल और मुस्कान ने मिलकर सौरभ की हत्या की और सौरभ के शव के टुकड़े कर एक नीले ड्रम में भर दिया और ऊपर से उसको सीमेंट से पैक कर दिया था। इस मामले में मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल जेल में बंद हैं। अधिकारियों के मुताबिक जेल में बंद महिला बंदियों का चेकअप किया जाता है। मुस्कान प्रेगनेंसी टेस्ट किया है। उसकी तबीयत बिल्कुल ठीक है। नशे के लक्षण भी समाप्त हो गए हैं। मेरठ जेल में ही गाइनेकोलॉजिस्ट ने प्रेगनेंसी टेस्ट भी किया है। महिला डॉक्टर जैसी भी कहेंगी उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के कपड़े चुरा रही महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती पेठ में सोमवार को एक महिला द्वारा कपड़े की दुकान से बच्चों के कपड़े चुराते रंगेहाथों पकड़ लिया गया। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गये। दुकानदार ने पास खड़ी महिला से उसकी तलाशी लेने को कहा तो उसके पास कपड़े बरामद हुए महिला ने उसे कई थप्पड़ लगाए।

# अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी का विरोध, एमडीए उपाध्यक्ष से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन पथिक के अध्यक्ष रविंद्र सेतकुआं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक शिकायती पत्र एमडीए वीसी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि भूमाफियाओं द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही है। लेकिन मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी इन भूमाफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 25 से 30 वर्षों से किसान मुआवजे की मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन अधिकारी मौन है और किसानों की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

यूनियन के अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इन भूमाफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह देशभर में आंदोलन करेंगे। इस दौरान अनिल, अमित भड़ाना, भूपेंद्र पाल, दिनेश गुर्जर, दीपक आदि सदस्य मौजूद रहे।

# आईआईएफएल फाईनेंस ने 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स जारी करके 500 करोड़ रुपये किए एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी (एनबीएफसी), आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड द्वारा 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 500 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे। एकत्रित किए गए फंड का उपयोग आगे ऋण देने, फाईनेंसिंग एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडीज को क्राईसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्राईसिल एए स्टेबल रेटिंग और आईसीआरए लिमिटेड द्वारा आईसीआरए एए स्टेबल रेटिंग दी गई है। इन रेटिंग्स के डिबेंचर्स को वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग के लिए काफी ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इस तरह के डिबेंचर्स का क्रेडिट रिस्क काफी कम होता है। ये इश्यू सोमवार 7 अप्रैल, से मिलना शुरू होंगे और बुधवार, 23 अप्रैल, तक मिलेंगे।

# आजाद समाज पार्टी के हुए शाहजेब रिजवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव रहे शाहजेब रिजवी ने जयंत चौधरी द्वारा वक्फ बिल की हिमायत करने पर पार्टी छोड़ दी थी। सोमवार उन्होंने दिल्ली में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ चंद्रशेखर रावण की पार्टी आजाद समाज को ज्वाइन कर लिया। आजाद समाज प्रमुख चन्द्रशेखर रावण ने शाहजेब रिजवी को विधिवत आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई।



शाहजेब रिजवी ने कहा कि वह संविधान बचाने और मुसलमानों पर होते अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज के हर तबके को इंसाफ दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी की पार्टी मुस्लिम वोटो की राजनीति करती है और जब वक्फ बिल पर देश का मुसलमान उनसे यह उम्मीद लगा रहा था कि वह संविधान विरोधी वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध आवाज उठाएंगे लेकिन जयंत चौधरी सत्ता के लालच में खामोश रहे। उनकी यह खामोशी स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी एवं स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी के आदर्शो के विरुद्ध है। शाहजेब रिजवी ने कहा कि वर्तमान में मुसलमान, मजदूर, गरीब, महिलाएं और युवाओं की आवाज को चंद्रशेखर रावण मजबूती से उठा रहे है और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को मजबूत करने का काम कर रहे है। इसी प्रेरणा से उन्होंने आजाद समाज पार्टी को ज्वाइन किया है। वह समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु काम करके मजलूमों की आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। शाहजेब रिजवी ने कहा कि मुसलमानों ने इस देश की आजादी में अपनी शहादत दी है लेकिन भाजपा मुसलमानों की आवाज को दबा कर संविधान को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने विशेष कहा कि वक्फ बिल संविधान के विरुद्ध है, आजाद समाज पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर संविधान को सशक्त करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने का काम कर रही है। इस लड़ाई को वह प्रमुखता से आगे लेकर जाएंगे। शाहजेब रिजवी के आजाद समाज पार्टी में शामिल होने पर उनके पैत्रक गांव रसूलपुर मुरादनगर में मिठाई वितरित कर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि शाहजेब जुझारू व जनता के बीच रहकर उनके सुखदुख में साथ रहते हैं। क्षेत्र में शाहजेब संघर्ष शील नेता के रूप में जाने जाते हैं।

# शिक्षा की दुकान चलाने वाले काट रहे हैं चांदी...

## स्कूल खुलते ही अभिभावकों की जेबों पर पड़ रहा है डाका, शिक्षा पाने के सपनों को कुचल रही है महंगाई

**वसीम खान/शाह टाइम्स**

■ किताबो में चल रहा कमीशन का खेल, कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग मोन

■ स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं

**मेरठ।** शिक्षा का अधिकार आज के समय में सिर्फ एक सपना बनकर रह गया है, क्योकि आज के जमाने में गरीब व मध्यम दर्जे के परिवार को अपने बच्चों को पढ़ाना बड़ा कठिन हो गया है। एक तरफ तो मंहगाई ओर उपर से स्कूलों की मनमानी। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें लेकिन बच्चों के अच्छी शिक्षा पाने के सपने स्कूलों की महंगाई खा रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है लेकिन वहां पढ़ाई का इतना बुरा हाल है की प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ना लोगों की मजबूरी बन गई है।

सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन निजी स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है! प्राइवेट स्कूल मनमाने तरीके से मोटी फीस वसूल रहे हैं साथ ही अब किताबें बेचने के तरीकों में भी थोड़ा बदलाव किया गया है। अब निजी स्कूल के अन्दर से ही कोर्स देना शुरू कर दिया है। पहले अभिभावकों को किताबें मनचाही दुकानों पर उपलब्ध कराई जा रही थी ये काम ज्यादातर स्कूलों में हो रहा है। नया सत्र शुरू होते ही मनमाने तरीके से फीस तो बढ़ती ही है उसके साथ-साथ एनुअल चार्ज एडमिशन फीस का चार्ज अलग से लगा देते हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी तो यह है कि यह हर वर्ष नए सिलेबस की किताबें लगा रहे है। ऐसे में अगर किसी का बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता है तो पहली कक्षा वाले बच्चे के काम यह किताबें नहीं आएंगी। स्कूलों में बच्चो को एनसीईआरटी की किताबें लगानी चाहिए, व निजी प्रकाशकों की किताबें पढ़ने को मजबूर कर रहे हैं। क्योंकि प्रकाशकों की और से स्कूलों को मोटा कमीशन दिया जा रहा है। यह कमीशन 30 से 50 फीसद है। बल्कि स्कूल में बच्चों को जो किताब 100 रुपये में मिलनी चाहिए उसे प्राइवेट स्कूल 200 से लेकर 400 रुपये में देते हैं। किताबें कौन से प्रकाशक की लगेगी यह भी कमीशन पर निर्भर है। प्राइवेट स्कूलों में प्रिंट रेट पर किताबें दी जाती हैं जबकि वहीं किताबें प्रकाशक से काफी कम कीमतों में आती हैं। यहां पर भी कमीशन का खेल चलता है। प्राइवेट स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी से प्रिंट रेट डलवा देते हैं। इस बात की जांच होनी चाहिए कि प्राइवेट स्कूल बच्चे को किस कीमत पर किताब दे रहे हैं और सरकारी स्कूल में वहीं किताब किस दर पर मिलती है। किताबो में चल रहे कमीशन खेल पर कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग फेल है। वहीं स्कूलों में भी पढ़ाने वाले शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता के कोई मानक तय नहीं है। यहां कम शैक्षिक योग्यता वाले अप्रशिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षण कार्य में लगाया जाता है। इससे इस तरह के शिक्षकों को कम वेतन देकर अधिक मुनाफा कमा लेते हैं! इस कारण स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों को बच्चों के लिए टयूशन अलग से लगाना पड़ता है। इनमें शहर के अधिकांश स्कूल शामिल है। जिन में आम गरीब को मजबूरी में प्राइवेट स्कूलों में जाना पड़ता है। शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम गरीब को कर्जा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है स्कूल कोर्स के साथ-साथ बच्चों की स्कूल ड्रेस वहान फीस स्टेशनरी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। बढ़ती महंगाई के कारण बजट बिगड़ रहा और वह बड़ी मुश्किल से बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ घर चला पा रहे हैं। महंगाई के इस दौर में अभिभावकों को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह अपने बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा कैसे प्रभावी रूप से करा पाए। शिक्षा विभाग को इस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है। अगर अभिभावकों के लिए शिक्षा की किताबें खरीदना इतना मुश्किल हो जाएगा, तो यह केवल छात्रों की नहीं, देश के भविष्य की भी चिंता का विषय है। सरकार और शिक्षा नीति बनाने वालों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि हर बच्चे को समान और सस्ती शिक्षा मिल सके। इस महंगाई के दौर में अभिभावकों की चिंता को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि हम शिक्षा प्रणाली की खामियों को समझें और उचित समाधान खोजें, ताकि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# ललियाना में मारपीट के आरोपी गिरफ्तार तलाशी के दौरान हथियार भी बरामद



शाहेआलम दानिश रियाजुद्दीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** ललियाना में एक सप्ताह पूर्व रंजिशन हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रधान के भाई समेत चार नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस एक आरोपी से असलाह बरामदगी का भी दावा कर रही है। 30 मार्च को ललियाना निवासी शकील पुत्र आकिल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 3:30 बजे उसका भतीजा अयान अपने चचेरे भाई मुहम्मद सामी के साथ बाइक पर किठौर से घर लौट रहा था। बोंद्रा पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही शजर पुत्र तस्वीर, दानिश पुत्र तनवीर, शादाब पुत्र शौकीन, बदर पुत्र तनसीर, शाहेआलम पुत्र खिलाफत, मौमीन पुत्र उस्मान और अजहर पुत्र आसिफ ने उसके साथ मारपीट और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अयान को लहूलुहान देख सामी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस घटना के बाद से जांच-पड़ताल के साथ आरोपियों को तलाश रही थी। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि सप्ताह भर पूर्व हुई मारपीट में वांछित ललियाना में ही घूम रहे हैं। जिस पर एसएसआई मुहम्मद उवैस ने दारोगा नितेश व सौरभ यादव के साथ दबिश देकर शुऐब पुत्र साजिद, दानिश पुत्र तनवीर, शाहेआलम पुत्र खिलाफत और रियाजुद्दीन पुत्र शौकत को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस शुऐब से एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामदगी का दावा कर रही है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# स्कूटी की बैटरी फटने से मकान में लगी आग

**लाखों रुपये का हुआ नुकसान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** भावनपुर थाना क्षेत्र की पॉश कालोनी गंगा सागर में स्थित अनुराग रघुवंशी पुत्र श्यामसुंदर के मकान में सोमवार सुबह करीब 8 बजे आग लग गई। आग लगने का कारण इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की बैटरी फटना बताया जा रहा है।

मकान मालिक ने बताया कि सोमवार को वह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे वहीं उनकी पत्नी गरिमा जो गंगानगर के एक स्कूल में शिक्षिका है वह भी अपने स्कूल में गई हुई थी। घर पर अनुराग के पिता श्याम सुंदर मौजूद थे। स्कूटी की बैटरी फटने और घर में आग लगने की जानकारी श्याम सुंदर ने अपने बेटे को दी। अनुराग जब बदहवास हालत में अपने घर पहुंचे तो देखा कि आग लगने से घर मे रखा ट्रेडिंग सप्लाई का सारा सामान, इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी जल गई। आग लगने की सूचना मकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को दी लेकिन फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची तो आस पास के लोगों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अनुराग ने बताया कि आग लगने से लगभग तीन लाख का सामान जलकर नष्ट हो गया लेकिन गनीमत रही कि आग लगने से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

## जीटीबी में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सोमवार को छात्रों ने स्वास्थ्य के महत्व को समझाते हुए इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। छात्रों ने अपनी कविता व भाषण के माध्यम से स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुतियां दी जिनमें स्वच्छता, पोषण और शारीरिक गतिविधियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशवान भविष्य हैं, जो मातृ और नवजात स्वास्थ्य पर केंद्रित है। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने बच्चों के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए क्यों स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

## शोभित विवि और 70 यूपी बटालियन एनसीसी ने निकाली जन जागरूकता रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के सहयोग से एक प्रभावशाली संगोष्ठी एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाना था। इस रैली को शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर और सशक्त मन, किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। शोभित विश्वविद्यालय हमेशा से समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कारों के समन्वय के लिए प्रतिबद्ध रहा है।




रैली में एनसीसी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय परिसर से लेकर आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता, खानपान, योग, नियमित व्यायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि जीवनशैली में थोड़े से बदलाव से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। शोभित विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि केवल शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। युवा पीढ़ी को इस दिशा में जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण, एनसीसी अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करने वाला था, बल्कि यह शोभित विश्व. विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मक सहभागिता का प्रमाण भी बना।

# अनाधिकृत निर्माण को किया सील

**विनियमित क्षेत्र ने की कार्रवाई**



**अमरोहा।** जोया रोड पर माह योजना 2031 में प्रस्तावित 18 मीटर मार्ग के मध्यम से छह मीटर छोड़ने के विपरीत रोडवाइडिंग व सैटबैक के स्थान पर अनाधिकृत निर्माण करने पर विनयमित क्षेत्र ने सील लगा दी। नगर के मोहल्ला पीरगढ़ निवासी गुरवचन सिंह पुत्र विक्रम सिंह व श्रीमति गुरूसरन कौर पत्नी परमिन्द्र कौर द्वारा जोया रोड पर ज्योति हॉस्पिटल के नजदीक महायोजना 2031 में प्रस्तावित 18 मीटर मार्ग के मध्य से छह मीटर छोड़ने के विपरीत रोड वाईडिंग व सैटबैक के स्थान पर अनाधिकृत निर्माण करने पर विनयमित क्षेत्र द्वारा सील कर दिया गया। साथ ही भवन स्वामी को निर्देशित कर दिया गया कि उक्त अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त का निमायानुसार करने के पश्चात ही मानचित्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की दशा में आरबी एक्ट के अन्तर्गत अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया जायेगा।

# 427 कनैक्शन पर मिली विद्युत चोरी, एफआईआर दर्ज

**विशेष चैकिंग अभियान में हाई लॉस फीडरों पर अब तक 22931 परिसर किए गए चैक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा अवैध रूप से विद्युत चोरी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही डिस्कॉम के सभी जिलों में जारी है। मेरठ, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, बुलंदशहर, गाजियाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में लाइन हानियों एवं ए.टी. एण्ड सी. हानियों को कम करने तथा राजस्व वसूली एवं कलेक्शन एफीसिऐंसी बढ़ाने तथा विद्युत चोरी पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है।




प्रबंध निदेशक ईशा दुहन (आईएएस) ने बताया कि दिनांक 17 मार्च से अब तक जनपद मेरठ के हाई लॉस एरिया लिसाड़ी गेट एवं सरधना टाउन एवं जनपद बागपत के बडौत टाउन, जनपद गाजियाबाद के बमहैटा, कलछीना (मोदीनगर), टीला, झंडापुर, महाराजपुर तथा खडखड (साहिबाबाद), जनपद बुलंदशहर के चिन्हित हाई लॉस एरिया खुर्जा, जनपद हापुड मे हापुड़ टाउन, जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल टाउन, जनपद शामली में ऊन, जनपद सहारनपुर मे अम्बाला रोड एरिया, जनपद गौतमबुद्ध नगर के दादरी टाऊन एवं जेवर टाऊन, जनपद मुरादाबाद के चिन्हित हाई लॉस एरिया जामा मस्जिद एरिया, काण्ठ टाउन, जनपद रामपुर के स्वार एवं जनपद संभल के चंदौसी तथा जनपद अमरोहा के हाई लॉस एरिया, हसनपुर नगर पालिका एरिया, चहाशेरी एवं शहानपुर में चौकिंग की गयी जिसमें, 22931 परिसर चौक किये गये, विद्युत चोरी की 427 एफआईआर दर्ज कराई गई, 24 मीटरों में 65021 यूनिट स्टोर रीडिंग पकड़ी गई, 163 केस गलत टैरिफ में चलते पाये गये, 1229 मीटर परिसरों से बाहर शिफ्ट किये गये तथा 5609 संयोजन बकाये पर विच्छेदित कर 441.54 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई।

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि विद्युत चोरी के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। विद्युत चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कटिया डालना संज्ञेय अपराध है मीटर में छेड़छाड़, केबिल में कट आदि विद्युत चोरी की श्रेणी में आता है और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है, विद्युत चोरी करने पर मुकदमा दर्ज किया जाता है इसलिए सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बिजली चोरी न करें तथा बिजली चोरी रोकने में विभाग का सहयोग करें।

## सपा की मासिक बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने की। कार्यक्रम का संचालन महानगरध्यक्ष आदिल चौधरी ने किया।

जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो रही है। सुबह उठते ही समाचार पत्र देखने से देहात और शहर में हो रही शर्मनाक घटनाओं से भाजपा सरकार पर सवालिया निशान बनता है। हर तरफ लूट, डकैती, हत्याएं हो रही हैं। जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक कमेटी बनाएं और समाजवादी पार्टी की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सड़क पर आकर ही काम करना होगा तभी 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल व कार्यकर्ता अब्दुल्लापुर व गोकलपुर पहुंचे। वहां उन्होंने मृतक के परिवारों से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी उनके साथ है। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि उन्हीं के गांव में नहीं प्रदेश के हर गांव में यही हाल है। हत्याएं हो रही हैं और पीड़ित की थाने में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हो रही है। इस दौरान किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सीमा प्रधान, विजय राठी, प्रभुदयाल वाल्मीकि, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, मुकेश सिद्धार्थ, मोहित जाटव, अरूण राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महर्षि हॉस्पिटल पर सील की कार्रवाई करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित महर्षि हॉस्पिटल पर किसान नेताओं ने आरा. `प लगाते हुए बताया है कि एक मरीज से ऑपरेशन के नाम पर 50 हजार लेने के बाद अस्पताल संचालकों ने दूसरे अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसका आयुष्मान के जरिए ऑपरेशन कराया गया और ऑपरेशन के नाम पर ली गई धनराशि हजम कर गए जिसको लेकर सोमवार को एक ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा जिसमें कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की बात की। भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने बताया कि गढ़ रोड स्थित संचालित महर्षि हॉस्पिटल में प्रत्येक दिन मरीजों को इलाज के नाम पर लूटा जा रहा है। अशोक नाम के मरीज को ऑपरेशन के नाम पर भर्ती किया किंतु एक सप्ताह भर्ती रखने के बाद भी उसका ऑपरेशन नहीं किया गया और ऑपरेशन के नाम पर 50 हजार रुपए वसूलने के बाद मरीज को सुभारती अस्पताल में यह कहकर भेज दिया गया कि हमारे पास ऑपरेशन संबंधित उपकरण उपलब्ध नहीं है, हम अपने खर्चे और अपने डॉक्टर से आपका इलाज सुभारती अस्पताल में कराएंगे किंतु सुभारती में मरीज का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के द्वारा किया गया। जिसमें महर्षि अस्पताल द्वारा कोई पैसा सुभारती में जमा नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं ने सीएमओ से मांग की है कि 50 हजार वापस दिए जाए साथ ही महर्षि हॉस्पिटल के लाइसेंस, संचालकों की डिग्री, एनओसी, पार्किंग की जांच कर अस्पताल पर सील की कारवाई की जाए। कारवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन (आजाद) अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा।



# भविष्य में भी सर्वसमाज को लेकर आगे बढ़ेगा सैफी समाज: शकील भारती

**कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का एहसान सैफी ने जताया आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सैफी डे के मौके पर सैफी समाज द्वारा ईद मिलन समारोह व सद्भावना दिवस के रूप में नूर जहा प्लेस में मनाया जाने वाले कार्यक्रम में आने वाले विभिन्न समाज के जिम्मेदारान का शकील भारती सैफी पूर्व मंत्री ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा जो कार्यक्रम आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए किया गया था उसमें सैफी समाज व दूसरे सर्व समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया जबकि कुछ लोग इस दिन ब्लैक डे मना रहे थे जो साथियों के नाम पर झूठा पंजीकृत संगठन बनाकर समाज को गुमराह कर रहे हैं, सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए समाचारों की सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं, समाज को गुमराह करने का काम करते हैं। उन्होंने ऐसे





लोगों से समाज को होशियार रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर समाज को गुमराह नहीं होने देंगे। ऐसे लोगों को समाज के सामने उनकी हकीकत लाकर होशियार किया जाएगा। वहीं खुशी स्पोर्ट के मालिक एहसान सैफी का कहना है सैफी समाज ने सर्व समाज को लेकर ईद मिलन पर कौमी एकता का संदेश दिया है। ऐसे संदेश समय-समय पर दिए जाते रहना चाहिए ताकि एक अच्छा मैसेज सर्व समाज में जा सके. आगे भी सैफी समाज ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा।

**कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ.प्र. परिवहन निगम, सोहराबगेट डिपो, मेरठ क्षेत्र।**

पत्रांक: 926/स.क्षे.प्र./सो.गेट/सामान्य-भवन/नीलामी/25 दिनांक: 05.04.2025

**विज्ञप्ति**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय/कार्यशाला सोहराबगेट डिपो में 39 वृक्षों के पातन हेतु दिनांक 21.04.2025 को समय 14:00 बजे नीलामी होना प्रस्तावित है। सभी निविदाकर्ता/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.04.2025 को समय 14:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा/टेन्डर प्रक्रिया में भाग लेने का कष्ट करें। उक्त से सम्बन्धित जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 8726005054 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**-( सोमपाल सिंह ) सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, सोहराब डिपो, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रुहासा विकास खण्ड सरधना ( मेरठ )**

पत्रांक: मीमो/पंचायत टैण्डर/2025-26 दिनांक: 07.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से ग्राम पंचायत रुहासा में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं मनरेगा की धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री तथा इण्टरलॉकिंग टाईल्स, बालू रेत, मिट्टी, ईट, डस्ट रोड़ी, सीमेन्ट, कौरसैण्ड, पत्थर रोड़ी, सरिया, लोहे की चादर, टीन शेड, गौशाला का शेड, स्ट्रीट लाईट, सी.सी. बैच, वॉल टाईल्स, फ्लोर टाईल्स, टंकी फिटिंग, हैण्डपम्प का सामान, हैण्डपम्प रिबोर ऑफिस फर्नीचर, विद्युत फिटिंग उपकरण, सैनिटाईजेशन, वॉल पेन्टिंग, फ्लैक्स, स्टेशनरी, डस्टबिन, चैनल, पुलिया, जे.सी.बी. कार्य, फैबरीकेशन, ग्राम की सफाई/नाला/नाली सफाई कूड़ा उठाई कार्य, सफाई उपकरण, सेग्रिगेशेन शेड, शिल्ट चैम्बर, फील्टर चैम्बर, नाला/नाली निर्माण, डस्टबिन, वाटर हारवेस्टिंग कार्य आदि की समय-समय पर आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्य स्थल पर पहुंचाने आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से निविदायें दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो समस्त निविदाएं दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा दाता का आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 13.04.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| प्रधान | सचिव |
|---|---|
| ग्राम पंचायत रुहासा | ग्राम पंचायत रुहासा |
| वि.खण्ड-सरधना ( मेरठ ) | वि.खण्ड-सरधना ( मेरठ ) |

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

# शोभित विवि में फिटनेस विश्लेषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा मेरठ जनपद के इकलौता गांव में एक फिटनेस विश्लेषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था, बल्कि विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ना भी था।

शिविर के दौरान मूलभूत फिटनेस परीक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर जानकारी दी गई और उनके समाधान सुझाए गए। यह आयोजन शोभित विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता और समाज सेवा के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण है।



विभागाध्यक्ष डॉ. लोमस तोमर ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझनेऔर उनसे निपटने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही, इससे उनमें सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता की भावना का भी विकास होता है। हमारा उद्देश्य ऐसे प्रोफेशनल तैयार करना है जो तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों से भी परिपूर्ण हों। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में गांव इकलौता के ग्राम प्रधान जॉन जी का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से विश्वविद्यालय न केवल अपनी ग्रामीण विरासत से जुड़ाव को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि स्थानीय समुदाय का विश्वास और समर्थन भी निरंतर प्राप्त कर रहा है। विद्यार्थियों के लिए यह एक ऐसा अनुभव साबित हुआ, जिससे उन्होंने व्यावहारिक ज्ञान, समस्याओं के विश्लेषण की क्षमता, संवेदनशीलता, और समाज के प्रति सहानुभूति जैसे गुणों का विकास किया।

# धूमधाम से निकली महर्षि कश्यप की शोभायात्रा

**मंडी धनौरा।** क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने महर्षि कश्यप शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने प्राचीन गढ़ी मंदिर मे कश्यप समाज के कार्यक्रम को भी संबोधित किया। कहा कि महर्षि कश्यप हर धर्म का सम्मान करते थे। सोमवार को कश्यप समाज ने महर्षि कश्यप की जयंती बड़े ही हर्षोल्लस के साथ मनाई। सुबह हवन, पूजन के बाद शाम को बैंड बाजों, डोले, झांकियों के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें समाज के लोगों ने जयघोष लगाए। साथ ही सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने भी महर्षि का पूजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि जयंती समारोह का एकमात्र मकसद है कि हम अपने महापुरुषों के बलिदान और उनके त्याग को सदा याद रखें और संतों के बताये रास्ते पर चलकर एक मजबूत राष्ट का निर्माण करें।

## जयंती की सफलता को किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ऑल इंडिया सैनी सभा ने महात्मा ज्योतिबाफुले राव की जयंती को सफल बनाने के लिये कई गांवों का दौरा किया। सभा के कार्यकर्ताओं ने गांव मौसमपरु, उमरी पट्टी, चांदनगर, मिलक, बागड़पुर में चौपाल का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाफूले का 198वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर होने वाले कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने मांग करते कहा कि जिले का नाम ज्योतिबाफूले किया जाये तथा इनकी पत्नी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। इस मौके पर कल्याण सैनी, राजपाल सैनी, कृपाल सिंह, पीयूष सैनी, रमेश सैनी, विजयपाल सैनी, प्रेम सिंह सैनी, मोहर सिंह, हरवीर सिंह मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अकबरपुर चकबंदी विकास खण्ड सरधना ( मेरठ )**

पत्रांक: मीमो/पंचायत टैण्डर/2025-26 दिनांक: 07.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से ग्राम पंचायत अकबरपुर चकबंदी में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं मनरेगा की धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री तथा इण्टरलॉकिंग टाईल्स, बालू रेत, मिट्टी, ईट, डस्ट रोड़ी, सीमेन्ट, कौरसैण्ड, पत्थर रोड़ी, सरिया, लोहे की चादर, टीन शेड, गौशाला का शेड, स्ट्रीट लाईट, सी.सी. बैच, वॉल टाईल्स, फ्लोर टाईल्स, टंकी फिटिंग, हैण्डपम्प का सामान, हैण्डपम्प रिबोर ऑफिस फर्नीचर, विद्युत फिटिंग उपकरण, सैनिटाईजेशन, वॉल पेन्टिंग, फ्लैक्स, स्टेशनरी, डस्टबिन, चैनल, पुलिया, जे.सी.बी. कार्य, फैबरीकेशन, ग्राम की सफाई/नाला/नाली सफाई कूड़ा उठाई कार्य, सफाई उपकरण, सेग्रिगेशेन शेड, शिल्ट चैम्बर, फील्टर चैम्बर, नाला/नाली निर्माण, डस्टबिन, वाटर हारवेस्टिंग कार्य आदि की समय-समय पर आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्य स्थल पर पहुंचाने आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से निविदायें दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो समस्त निविदाएं दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदा दाता का आयकर एवं व्यापार कर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 13.04.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| प्रधान | सचिव |
|---|---|
| ग्राम पंचायत अकबरपुर चकबंदी | ग्राम पंचायत अकबरपुर चकबंदी |
| वि.खण्ड-सरधना ( मेरठ ) | वि.खण्ड-सरधना ( मेरठ ) |

# जनपद की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें अधिकारी

## जिलाधिकारी ने जल भराव की समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधितों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (रा.रा.-709बी) पर महावतपुर बावली सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु जिला. धिकारी अस्मिता लाल द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां-जहां स्ट्रीट लाइट बंद हैं, उन्हें शीघ्र क्रियाशील किया जाए। साथ ही, जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या है, वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे ऐसे गांवों की रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट जलभराव की समस्या बनी हुई है और नालियां अवरुद्ध हैं, ताकि समय रहते अग्रिम कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना निदेशक बागपत नरेंद्र सिंह, गाजियाबाद परियोजना निद. ेशक अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना, डीपीआरओ अरुण, सहायक संभाग के परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# झूठी शिकायत करने पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गांव टांडा निवासी वकार खान ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि टांडा निवासी एक बुजुर्ग बार-बार झूठी शिकायत करके जबरन दुकान पर कब्जा करने का एवं किराए के पैसे नहीं देने का आरोप लग रहा है। यह फर्जी तरीके से हमें फसाने का तरीका अपना रहा है जबकि हम पर लगाए गए सभी आप झूठे हैं उन्होंने एसडीएम से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि गांव में जाकर इस मामले की जांच पड़ताल कराई जाए जबकि यह दुकान 2 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। एसडीएम ने थाना छपरौली को जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में वकार खान ने जिलाधिकारी को भी मामले की शिकायत करा ज्ञापन सोपा है। वकार खान का कहना है कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति इस बुजुर्ग को भड़काकर हमारे खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में इजहार खान भूरा खान आबाद अफजाल ख़ान नफीस शहजादा अनीस शादाब दानिश खान आदि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिलाया।



# अखिल भारतीय जागिड ब्राहम्ण महासभा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अखिल भारतीय जागिड ब्राम्हण महासभा जनपद बागपत की एक बैठक रमेश चन्द शर्मा एलम वालो के निवास स्थान रेलवे-स्टेशन रोड पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जयपाल मेजर व संचालन राकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। बैठक में नगर में घर घर जाकर समाज के लोगो की जनगणना करने पर भी विचार किया गया।

बच्चो की पढ़ाई पर जोर देने के लिए सभी से आहवान किया गया। इस मौके पर विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि हम सब लोगों को एक जुट होकर गांव-गांव में जाकर अपनी युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। आज हमारा समाज पिछड़ता जा रहा है यह सब एक राजनीति की सोची समझी साजिश है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया इस सभी युवा वर्ग आपसी भेदभाव बुलाकर समाज की एकजुटता पर बल देने का काम करें क्योंकि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंगल सैन सुरेश प्रधान सोमदत राजन जागिड जयकुमार पवन मास्टर रमेश चन्द देशपाल कवरपाल आदि थे।

# पीड़ित परिवार ने की मुस्कान के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दहेज की मांग पूरी न होने पर मुस्कान की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति शोएब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, घटना के 13 दिन बीत जाने के बाद भी अन्य आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

एसपी से शिकायत करते हुए मृतका के भाई शौकीन ने बताया कि उनकी बहन को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिवार ने पति के अलावा सास, ससुर, देवर और नंद के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज कराया है लेकिन 13 दिन बाद भी किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। इस संबंध में पीडित परिवार न्याय की मांग को लेकर एसपी से मिला। मुस्कान के परिवार का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने अब तक केवल पति शोएब पर कार्रवाई की है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिवार ने एसपी से शिकायत की है। पीडितों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



# ससुरालियों पर ही पति का एक्सीडेंट कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के कस्बा अमीनगर सराय निवासी एक महिला ने कहा है कि उसके पति का उसके ससुराल वालों ने ही एक्सीडेंट कराया था। महिला का आरोप है कि उसके जेठ ने घटना से एक दिन पहले ही उसके पति को हत्या करने की धमकी दी थी। पीड़िता ने अपनी सांस पर उसके विरूद्ध फर्जी मुक. दमा दर्ज कराने की आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए इस मामल में निस्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

कस्बा अमीनगर सराय निवासी अनुराधा पत्नी रोहित के अनुसार उसकी शादी 22 फरवरी 2023 को हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और ससुराल वाले गत वर्ष 24 मार्च को मारपीट कर उसे उसके मायके छोड गए थे।

उसने अपने पति व सांस आदि के विरूद्ध इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था और कोर्ट में अपने इच्चों के भरण पोषण के लिए कोर्ट में वाद दायर किया था। यह वाद अभी कोर्ट में विचाराधीन है। महिला का आरोप है कि उसके पति के अपनी भाभी से अवैध संबंध हैं, जिसका उसका देवर मोहित विरोध करता था। उसके पति ने उसके देवर को धमकी दी थी कि वह उसकी हत्या उसकी पत्नी से सादी करेगा और उसे हिस्से की सम्पत्ति अपने नाम करा लेगा। महिला का आरोप है कि अवैध संबंधों के चलते उसका पति उसके देवर को जान से मारने की धमकी दे रहा था।

उसने बताया कि उसके देवर मोहित की गत 22 मार्च को डेरा सच्चा सौदा के निकट सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसकी सांस ने इस संबंध में उसके विरूद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करया था और धमकी दी थी कि अब उसे उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए सबक सिखायेगी। पीड़िता का आरोप है कि परिवार वालों ने ही उसे फर्जी मुकदमे में फसाने के लिए मोहित का एक्सीडेंट कराया था। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए इस ममले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरूद्ध कर्रवाई कराने की गुहार लगाई है

# हत्यारोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी मिले पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के गांव शोभापुर निवासी एक युवक की हत्या कर आरोपियों ने शव मृतक के मकान के सामने डाल दिया था। पीड़ितों ने इस संबंध में तीन लोगों के विरूद्ध थाना सिंघावली अहीर में तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की है। पीड़ितों ने एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।




गांव शोभापुर निवासी 19 वर्षीय करण की गत 5 अप्रैल को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। पुलिस ने युवक की मौत सड़क दुर्घटना में होना बताया था जबकि मृतक के भाई बंटी ने बताया कि उसके भाई की उसके साथियों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना सिंघावली अहीर में तहरीर दी थी। परिजनों के अनुसार करण गांव में ही एक कोल्हू में काम करता था। वहां पर आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की थी और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि आरोपी गत शुक्रवार की शाम करीब 8बजे करण को सीकरी देवी मेले में ले गए थे। करण अपनी बाईक से सीगरी मेले में गया था। आरोप है कि शनिवार की रात्रि मेरठ सोनीपत हाईवे पर बालैनी टॉल के निकट अरोपियों ने मारपीट कर करण की हत्या कर दी और सुबह करीब 4 बचे दो युवक बाईक पर डालकर शव को मृतक के मकान के सामने डालकर फरार हो गए थे जिन्हे पडौस की एक महिला ने देख लिया था। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसकी बाइक में भी तोडफोड की गई थी। बताया गया है कि पूरी घटना टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में केद है। पीड़ितों ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### एसडीओ-जेई के वेतन से वसूला जाएगा फुंके ट्रांसफार्मर की मरम्मत का खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ककौर उपकेंद्र क्षेत्र में फुंके ट्रांसफार्मर के मामले में रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले एसडीओ और जेई के खिलाफ मुख्य अभियंता मेरठ जोन द्वितीय यदुनाथ यथार्थ ने बड़ी कार्रवाई की है। ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर आने वाले 27,488 रुपये की वसूली दोनों के वेतन से की जाएगी। आदेश जारी कर दिया गया है। बड़ौत तहसील के ककौर गांव में भोपाल की टयूबवैल के पास 100केवीए क्षमता का ट्रांस्फार्मर लगा था। इससे पांच किसानों के निजी नलकूपों को बिजली आपूर्ति की जाती है। लीकेज होने के कारण ट्रांस्फार्मर के रेडिएटर में ऑयल लेबल कम होने से ट्रांसफार्मर फुंक गया था। ट्रांसफार्मर फुंकने की जांच में सामने आया ककौर उपकेंद्र के अवर अभियंता राघवेंद्र सिंह और एसडीओ सचिन कुमार गौड़ ने ट्रांसफार्मर के रखरखाव में लाप. रवाही बरती। जांच टीम ने माना यदि अवर अभियंता और एसडीओ ने ट्रांसफार्मर चेक कराकर लीकेज ठीक करा उसमें कम हुए ऑयल के स्तर को पूरा करा दिया होता तो ट्रांसफार्मर नहीं फुंकता। मुख्य अभियंता मेरठ जोन द्वितीय यदुनाथ यथार्थ ने बताया ट्रांसफार्मर फुंकने के मामले में लापरवाही पर एसडीओ और जेई के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। फुंके ट्रांसफार्मर की मरम्मत पर आने वाली 27,488 रुपये की वसूली दोनों के वेतन से की जाएगी। एसडीओ से 40 फीसदी और जेई से 60 फीसदी वसूली की जाएगी।

### दर्जनों गांव में चलेगी रोडवेज बस यात्रियों को मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** राष्ट्र वंदना चौक से नैथला व फैजपुर निनाना होते हुए लुहारी गांव तक सात अप्रैल से बस का संचालन शुरू किया जाएगा। यहां पर अभी तक रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा था। बस के चलने से करीब दस गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस संबंध में रोडवेज डिपो के प्रबंधक ने बताया कि बागपत से नैथला होते हुए लुहारी मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग डग्गामार वाहनों में दोगुना किराया देकर सफर करने को मजबूर थे। लोगों को शाम के समय ज्यादा दिक्क्तों का सामना करना पड़ता था। क्योंकि शाम छह बजे के बाद डग्गामार वाहन भी मार्ग पर नहीं मिलते थे। क्षेत्र के लोगों की मांग व परेशानियों को देखते हुए परिवहन निगम ने सात अप्रैल से एक बस का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। बागपत के राष्ट्र वंदना चौक से शाम छह बजे बस का रोजाना संचालन किया जाएगा। इसके चलने से मार्ग से जुड़े नैथला, सुल्तानपुर हटाना, राजपुर खामपुर, फैजपुर निनाना, लुहारी, खेड़ा इस्मालपुर समेत दस गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के लोग काफी समय से बस चलने का इंतजार कर रहे थे। कई बार लुहारी गांव के लोगों ने भी प्रदर्शन करते हुए बस चलवाने की मांग की थी।

### रसोई में मिल रहा है जरुरतमन्दों को भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सारथी की 28 वीं रसोई का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा को भोग समर्पित कर किया गया। इस रसोई का उद्घाटन सी ओ विजय कुमार बड़ौत व सीओ बागपत हरीश बदोडिया ने बताया कि ऐसी रसोई हमेशा चलती रहनी चाहिए ताकि जरूरतमंद की मदद होती रहे और सारथी की रसोई में जरूरतमंद लोग भोजन करते है। बड़ा ही पुण्य का कार्य है। ईस रसोई का प्रसाद में आम जनों को ,गरीबों को, मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, राहगीरों को एवं अन्य वर्ग के सभी लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया जाता है। सीओ बड़ौत विजय कुमार ने भी इस रसोई में आकर सेवा कर धर्म लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि किसी भूखे को भरपेट भोजन करना ही वास्तव में पुण्य का कार्य है जिस प्रकार से 5 में भोजन प्राप्त करने की लोगों की कतारे इस बात को प्रमाणित भी करती हैं संस्था के सदस्य कपिल तोमर ने बताया सारथी की रसोई म लगभग 800 से लगभग 1000 लोग भोजन करते है। सबके साथ ओर सहयोग से ये रसोई निरन्तर ऐसे ही चलती रहे। वास्तव में इन कार्यो से मन को सकून मिलता है। ईस मौके पर महिला कल्याण विभाग से वन्दना गुप्ता एवं सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष महिला ममता अरोरा, मीता अरोरा, शिवानी जैन, कविता मोनिका, कांता राजपूत अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनिल अरोरा, रजनीश जैन, सचिन खोखर, भूपेंद्र सिंह, विपिन सिंघल, सुनील सैनी, आदित्या भारद्वाज, अंकुज खोकर, मनीष मित्तल, भुपेश, सूदांशु, अनमोल गुप्ता, प्रिंस गुप्ता आदि मौजूद रहे।




# जमीन ने उगले 5 करोड़ रुपये का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में एटीएम से करोड़ों की रकम गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पर मार्च महीने में बड़ौत क्षेत्र के 24 एटीएम से 5.26 करोड़ रुपये गायब हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में सीएमएस कंपनी के दो कर्मचारियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बरामदगी के दौरान करीब 5 करोड़ रुपये की नगदी भी पुलिस के हाथ लगी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गबन मेरठ की सीएमएस कंपनी में काम करने वाले गौरव तोमर (निवासी आरिफपुर खेडी, बागपत) और रॉकी मलिक (निवासी हसनपुर, शामली) ने मिलकर किया। दोनों एटीएम में कैश डालने का काम करते थे। इन दोनों ने एटीएम में पैसा डालने की बजाय उसे चुपचाप गायब कर दिया और ठिकाने लगा दिया।

सीएमएस कंपनी के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने जब गड़बड़ी पकड़ी तो बड़ौत कोतवाली में गौरव और रॉकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि दोनों आरोपियों ने चोरी किए गए पैसे को अलग-अलग स्थानों पर छुपा दिया था। गौरव ने अपने घर में भूसे के ढेर और जमीन के नीचे, जबकि रॉकी ने अपने खेत में पैसे दबा रखे थे। इस घोटाले में चंडीगढ़ पुलिस के तीन कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है। गौरव और रॉकी ने चंडीगढ़ निवासी मनीष के जरिए चंडीगढ़ पुलिस इंस्पेक्टर जसविंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सतीश और सिपाही समुंदर से संपर्क साधा। इनकी मिलीभगत से दोनों आरोपियों ने खुद को अवैध असलहे रखने के आरोप में गिरफ्तार करवा लिया ताकि एटीएम घोटाले से ध्यान हटाया जा सके। बागपत पुलिस ने मनीष और तीनों पुलिसकर्मियों को भी गिरफ्तार कर लिया। सभी को बी वारंट पर बागपत लाकर जेल भेजा गया था। इसके बाद पुलिस ने रिमांड पर लेकर इनसे पूछताछ की और गौरव के घर व रॉकी के खेत में खुदाई कर कुल मिलाकर लगभग 5 करोड़ रुपये की नगदी बरामद कर लिए। बागपत एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि सभी आरोपियों को पीसीआर रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद बड़ी कामयाबी मिली है और आज सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। पुलिस ने पहले ही मनीष की निशानदेही पर 50 हजार रुपये बरामद कर लिए थे।



# सरकारी शराब की दुकान विक्रेता के साथ मारपीट, तमंचे की बट से हंमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** थाना रमाला गांव निवासी विशन सरकारी शराब की दुकान का विक्रेता है उसने थाना रमाला पहुंचकर बताया कि उसके गांव का ही देवेंद्र उर्फ गुद्दड़ पुत्र जयपाल के साथ 6 अप्रैल को दुकान पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी जिसमें समझौता हो गया था उसी दिन शाम को देवेंद्र उर्फ गुढन ने उसके घर पर शाम के समय जाकर हमला कर दिया जिसमें उसके छोटे भाई पर हमला किया गया और उसे चोट लगी लेकिन गांव वालों ने उस मामले को भी शांत कर दिया था लेकिन 7 अप्रैल को बिसन अपने खेत में घूमने जा रहा था तभी मौका देखकर देवेंद्र उर्फ गुद्दद ने विशन के ऊपर अचानक तमंचे के वट से सर पर वार किया व डंडे से भी पिटाई की जिसमें वह घायल हो गया और उसी अवस्था में थाना रमाला पहुंचकर तहरीर देकर उसने मामला पुलिस को बताया पुलिस ने बिसन की डॉक्टरी कराई व तहरीर लेकर मामले की जांच करने का आश्वा. सन दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर ली जा रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# रामकिशन शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिकदलों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के ग्राम काक. ोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव शर्मा के चाचा रामकिशन शर्मा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाज व विभिन्न राजनी. तिकदलों के नेताओं के नेताओं ने उपस्थित होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर रामकिशन शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण शर्मा को देशखाप चौधरी आदित्य भारद्वाज ,चौबीसी थम्बा चौधरी अनिल शर्मा एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पगड़ी पहना कर परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी सौंपी। रालोद के राष्ट्रीय महासचि. चव व पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने पं रामकिशन शर्मा को गांव से लेकर समाज के हर वर्ग की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई। इस मौके पर मनोज शर्मा अध्यक्ष बाछोड़, सेवाराम शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य ,धर्मेंद्र सिंह चेयरमैन छपरौली ,बालकिशन शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य , पुरुषोतम शर्मा पूर्व मैनेजर , रामकिशन शर्मा शबगा अनिरुद्ध शर्मा ठेकेदार छपरौली , चौधरी अनिल सिंह , राजपाल शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# जनपद के 20 ग्राम विकास अधिकारी बनेंगे एडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिले में कार्यरत 20 ग्राम विकास अधिकारियों की अब जल्द सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 व एडीओ सहकारिता के पदों पर पदोन्नति होगी।

ग्राम्य विकास आयुक्त ने पात्रता सूची जारी कर डीडीओ से इन ग्राम विकास अधिकारियों के संबंध में तीन बिंदुओ पर रिपोर्ट मांगी है। पदोन्नति के लिए चयनित पात्रता सूची में बागपत से वीरेंद्रपाल, गंगाराम, राकेश कुमार, मैमपाल सिंह, कृष्ण कुमार प्रथम, संजय कुमार, सुधीर पंवार, सुधीर पंवार ग्राम विकास अधिकारी शामिल हैं। इनके अलावा सतीश कुमार, रविंद्र कुमार, प्रवेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार द्वितीय, विपिन कुमार, मुकेश कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, सुधीर रुहेला, प्रमोद कुमार, अजय कुमार का भी पदोन्नति के लिए चयन हुआ है। प्रदेश में 200 ग्राम विकास अधिका. रियों की पदोन्नति होगी, जिनमें 20 बागपत जनपद में कार्यरत हैं।

वही ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय में उपायुक्त राकेश रंजन ने डीडीओ को से ग्राम विकास अधिकारियों के संबंध में तीन बिंद. ुओं पर रिपोर्ट मांगी है जिनमें बताना होगा कि कोई निलंबित तो नहीं चल रहा है। किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तो नहीं चल रही हैं। किसी पर आपराधिक मामला तो नहीं चल रहा है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मौहम्मद फरीद से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
अहतसाम पुत्र अलीमूदीन निवासी ग्राम पलड़ी तहसील बडौत व थाना दोघट जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सौरभ व उसकी पत्नि सविता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सरोज पत्नि स्व.विजयपाल निवासी गली नं.3 कोर्ट रोड़ व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सद्दाम व पुत्रवधू आसमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अख्तर पुत्र फखरूदीन निवासी मौ. इस्लामाबाद पट्टी मेहर कस्बा, थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेज व आधार कार्ड में मेरा नाम प्रयास व मेरी पत्नी के सभी शैक्षणिक व आधार कार्ड में नाम अंशु है और मेरे पुत्र (सिमुक सरोहा) के जन्म प्रमाण पत्र में भी हमारा नाम प्रयास व अंशु है जबकि स्कूल रिकॉर्ड में त्रुटि वस प्रयास सरो. हा व अंशु सरोहा हो गया है, हमारा नाम प्रयास व अंशु ही ठीक है।
प्रयास पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम लुहारा तहसील बड़ौत जिला बागपत।

# तहसील स्तरीय क्रेडिट कैंप का हुआ शुभारंभ

■ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लगाया कैंप

■ डीएम ने अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम रविन्द्र कुमार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत तहसील स्तरीय क्रेडिट कैंप का शुभारम्भ संजय कम्युनिटी हॉल में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बैंकर्स एवं आवेदकों में समन्वय स्थापित कर ऋण स्वीकृत कराए गए, तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने, किसी भी लोन को लम्बित न रखने एवं बैंकों को अधिकाधिक लोन वितरित करने के निर्देश दिए गए। उक्त योजना शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया कि क्रेडिट कैम्प में लगभग 400 से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 60 से अधिक लाभार्थियों को तत्काल स्वीकृति, वितरण कराया गया। डेढ़ दर्जन से अधिक सप्लायर्स उपस्थित हुए, जिनके माध्यम से अभ्यर्थियों की समस्या का समाधान करते हुए तत्काल कोटेशन उपलब्ध कराये।

द्वितीय क्रेडिट कैम्प का आयोजन आज मंगलवार को तहसील फरीदपुर में तहसील परिसर में किया जायेगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंकों के प्रबन्धक, निदेशक एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में लगी मरीजों की लंबी कतार, हुई धक्का-मुक्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है जिला अस्पताल में मरीजों की खासी भीड़ होने लगी है। सोमवार को सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लगी रही। पर्चा बनवाने के लिए लाइन में कई बार धक्का-मुक्की हुई। सुरक्षाकर्मी को भी व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ओपीडी में बुखार के साथ ही उल्टी, बदहजमी के मरीजों की आंधी रही। सबसे अधिक मरीज त्वचा रोग की ओपीडी में आए। मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए फार्मेसी में अतिरिक्त काउंटर खोलना पड़ा। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी।

# बिजली विभाग में खुला फर्जी चेक घोटाला

■ 36 चेक हुए बाउंस, कैशियर निलंबित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिजली विभाग में एक के बाद एक घपले सामने आ रहे हैं। बिल जमा करने के लिए लगाए गए चेक बाउंस हो गए। फर्जी चेक से बिल जमा करने की आशंका है। चेक बाउंस होने के बाद अधिशासी अभियंता की तरफ से कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कैशियर को निलंबित कर दिया गया।

फरीदपुर में संविदा कर्मचारी के मकान से 98 बिजली मीटर बरामद होने का मामला अभी शांत नहीं हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में एक नया मामला सामने आया है। चेक के जरिये दर्जनों उपभोक्ताओं के बिल जमा किए गए। इसकी रसीदें भी दी गईं। ये चेक बैंक में लगाए गए तो बाउंस हो गए। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तो हड़कंप मच गया। 38 चेक के जरिए बिल जमा हुए जिसमें 36 चेक बाउंस हुए हैं। कार्तिक इंटरप्राइजेज, हिमांशु रंजन, लव कुमार, अनहर हुसैन के नाम से चेक विभाग में कैशियर राहुल गुप्ता की मदद से जमा किए गए थे। पूरे खेल में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की भी बात सामने आ रही है। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि कैशियर राहुल गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि फरीदपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के बिल शहरी क्षेत्र के कैश काउंटर पर जमा किए गए थे। बताया जा रहा है कि उपभोक्ताओं से पैसे लेकर सक्रिय गिरोह फर्जी चेक देकर कैशियर की मदद से विभाग को लंबे समय से चूना लगा रहे थे।

ग्रामीण क्षेत्र में इससे पहले भी बिल जमा करने के मामले सामने आ चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में इससे पहले फर्जी बिल का मामला सामने आया था। इसके बाद कार्यालय से सीपीयू ही चोरी हो गया था। इस प्रकरण के बाद बिजली चोरी के मामले में लगने वाले जुर्माने का पटल देखने वाले बाबू पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा था।

> फर्जी चेक के जरिए बिल जमा करने का मामला चेक बाउंस होने के बाद पकड़ में आया। उसके बाद कोतवाली में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
>
> **हरीश कुमार**
> **अधिशासी अभियंता**

# मदरसा फैजान मुस्तफा में वितरित किए गए रिपोर्ट कार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे के मदरसा फैजान मुस्तफा में सोमवार को छात्रों को एक कार्यक्रम में रिपोर्ट कार्ड वितरण किए गए। मदरसे के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से दूर रहने की सलाह दी, आम आदमी पार्टी की एडवोकेट सुनीता गंगवार ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर खास जोर दिया। पूर्व सभासद मुराद अहमद एडवोकेट ने मदरसा के छात्रों को मन से शिक्षा ग्रहण करने व अपने बड़ों का सम्मान करने की अपील की। आयोजन में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सचिव डॉक्टर मो० इरफान सिद्दीकी, डॉक्टर मोहम्मद शकील सिद्दीकी एमबीबीएस एमएस, एडवोकेट मो० सईद अंसारी, एडवोकेट रईस अहमद, डॉक्टर मो० रिजवान, कारी मोहम्मद नईम, आप आदमी पार्टी की जीनत अंसारी, नजीर अहमद, मदरसे के प्रिंसिपल फिरोज अख्तर, शिक्षक जुनैद आलम, निशा बी, शागिरुन निशा, फिजा बी, नेहा बी, गजाला आदि के साथ ही अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में मदरसा के एमडी फिरोज अख्तर ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# एक करोड़ आठ लाख की लागत से होगा ईंधजागीर के शिव मन्दिर का सौंदर्यीकरण

■ विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवाबगंज कस्बे से सटे गांव ईंधजागीर के प्राचीन शिव मन्दिर का एक करोड़ आठ लाख रुपये से सौंदर्यीकरण होगा, इसके लिए सोमवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गंगवार के साथ इसका शुभारंभ किया।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र के इस प्राचीन शिव मन्दिर के सौंदर्यकरण के लिए प्रदेश सरकार से धन उपलब्ध कराए जाने की मांग की थी, जिसपर पर्यटन विभाग ने मन्दिर के सौंदर्यकरण के लिए एक करोड़ आठ लाख रुपये मंजूर किए हैं। सोमवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार ने ग्राम प्रधान प्रेम शंकर गंगवार के साथ भूमि पूजन कर मन्दिर के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया। भूमि पूजन प्रचार गिरि महाराज द्वारा कराया गया, इसमें पूर्व प्रधान सुरेश गंगवार, उमाचरन गंगवार, सुखलाल, तेजराम, अनिल गंगवार, एड कुंवरसेन गंगवार, महेन्द्र गंगवार आदि ने भाग लिया। ग्राम ईंधजागीर का यह शिव मन्दिर नवाबगंज तहसील क्षेत्र का एक प्रमुख मन्दिर है, यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सावन के माह में इस मन्दिर पर खासी भीड़ रहती है।

## एक नजर

# बिना पंजीकरण कराए ही हो गया पंजीकरण, परेशान घूम रहा है किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गेहूं खरीद को लेकर नवाबगंज क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर कई गेहूं खरीद केन्द्र खोले गए हैं। इन क्रय केंद्रों पर भले ही किसान अपना गेहूं लेकर नहीं पहुंच रहा है, लेकिन कर्मी अपने आला अधिकारियों को खुश करने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं।

नवाबगंज क्षेत्र के गांव ग्रेम के रहने वाले किसान चांद हुसैन ने सोमवार को एक शिकायती पत्र एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपा, जिसमें उन्होंने बिना अपनी भूमि का रजिस्ट्रेशन कराए ही रजिस्ट्रेशन किए जाने का आरोप लगाया है। कहा कि उन्होंने धान की फसल बेचने के लिए अपना पंजीकरण कराया था, उस समय उनका रकबा कम था, अब जबकि गेहूं की फसल तैयार है, और उसका क्षेत्रफल अधिक है तो वह अपना गेहूं क्रय केंद्र पर तौलने के लिए जब रजिस्ट्रेशन कराने गया तो उसे पता चला कि उसका तो पहले ही रजिस्ट्रेशन हो गया है, जिसे देखते हुए उसने इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम रविन्द्र कुमार ने प्रतिदिन की भांति कलेक्ट्रेट स्थित अपने चौम्बर में जनता दर्शन के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुना, और संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये। जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी सुनिश्चित किया जाये कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हो।

# समर्थ पोर्टल को लेकर किया जागरुक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को महाविद्यालय में शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र के निर्देशन में समर्थ पोर्टल पर प्राध्यापकों द्वारा डाटा फीड किए जाने से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर कक्ष में भौतिक विज्ञान प्रभारी एवं महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल प्रभारी डा. प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में समर्थ पोर्टल पर सभी प्रविष्टियों को भरने हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देशों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्षों की प्रोन्नति सामर्थ पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाना है, अत: सभी प्राध्यापकों का समर्थ पोर्टल पर सत प्रतिशत डाटा भरना अनिवार्य है। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संध्या रानी शाक्य के निर्देशन में संपन्न हुए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों के सात साथी दबोचे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हवाला धंधे के लिए गरीबों व जरूरतमंदों के खाते उपलब्ध कराने के लिए बरेली जिला पहले से चर्चित है। पहले सीबीगंज का धंतिया गांव इसके लिए बदनाम था, अब आसपास के कई थाना क्षेत्र के गांवों में भी साइबर ठगों के गुर्गे सक्रिय हो गए हैं। इज्जतनगर थाना पुलिस व साइबर थाना टीम ने सोमवार को सात लोगों का गिरोह हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुता. बिक पूछताछ में आरोपियों ने अपने सरगना का नाम वीरेंद्र बताया।

हाफिजगंज के परेवा गांव निवासी वीरेंद्र लखनऊ में रहकर बरेली में गुर्गों के सहारे लोगों के खाते खुलवा रहा था। वीरेंद्र इन खातों को कोरियर से कलकत्ता भेजता था। यहां से बिहार, राजस्थान, बंगाल, झारखंड आदि प्रदेशों के साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए जाते थे, जिनमें ठगी की रकम आती रहती थी। ठगी की रकम का बीस फीसदी हिस्सा खाता खुलवाने वालों को और एक से दो फीसदी खाता धारकों को मिलता था। सोमवार को सभी सात आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

# शीशगढ़ कोतवाली लगातार दूसरी बार टॉपर

■ एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंस्पेक्टर राधेश्याम ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से शीशगढ़ कोतवाली को लगातार जिले में दूसरी बार प्रथम स्थान दिलाया है। उनके इस महान कार्य से खुश होकर एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रभारी निरक्षक को सम्मानित किया है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अब तक के इतिहास में यह पहली ऐसा बार हुआ है, कि शीशगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को लगातार दो बार सम्मानित किया गया हो, जिसको लेकर क्षेत्र के लोग प्रभारी निरीक्षक को बधाइयां दे रहे हैं। बता दें कि एसएसपी अनुराग आर्य ने फरवरी में जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कराया। जिसमें शीशगढ़ कोतवाली का लगातार दूसरी बार फरवरी में सर्वाधिक 1119 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान आया। इस उत्कृष्ट कार्य एवं उच्चकोटि की कार्य प्रणाली पर एसएसपी अनुराग आर्य ने शीशगढ़ इंस्पेक्टर राधेश्याम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।



## जनसुनवाई में लापरवाही बरतने पर कटा था वेतन

एसएसपी अनुराग आर्य ने तीन माह पूर्व कोतवाली शीशगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया था। अच्छा कार्य करने से खुश होकर एसएसपी ने कोतवाली के कुछ दरोगा व सिपाहियों को पुरस्कृत भी किया था, लेकिन जनसुनवाई में लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक का सात दिन का वेतन काटने का निर्देश जारी किया था। साथ ही भविष्य में सुधार लाने की हिदायत भी दी थी। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम को एसएसपी अनुराग आर्य से ऐसी सीख मिली कि उन्होंने कठोर परिश्रम करके यह साबित करके दिखा दिया कि वास्तव में उनमें टैलेंट है और इसी टैलेंट से उन्होंने शीशगढ़ कोतवाली को लगातार दूसरी बार जिले में पहले पायदान पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक के इस महान कार्य के लिए उनके जज्बे को सलाम करते है।

# 165 वीं रामलीला के निर्विघ्न समापन पर हवन कर दीं सबको रामनवमी की शुभकामनाएं

**बरेली।** राम नवमी के शुभ अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने 165 वीं रामलीला के निर्विवाद- निर्विघ्न समापन पर आज श्री नरसिंह मंदिर में हवन कर श्री रामजी की कृपा सब पर बनी रहे इसकी प्रार्थना की। कमेटी के अध्यक्ष राजू मिश्रा ने बताया कि इस बार मेरी अध्यक्षता में यह पहली रामलीला रही, हालांकि हमने इसको भव्य बनाने में कोई कसर नहीं रखी, फिर भी यदि कोई त्रुटि रह गयी हो तो अगली बार हम उसे दूर करने का भरसक प्रयास करेंगे। कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने श्री रामलीला में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित है, आप सब पर उनकी कृपा सदा बनी रहे। महामंत्री सुनील रस्तोगी ने रामलीला में सहयोग करने वाले सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों व पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके श्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि हमने नाथ नगरी के अधिकतर लोगों को इस रामलीला तक लाने का प्रयास किया था, फिर भी यदि किसी तक हम समयाभाव के कारण व्यक्तिगत रूप से न आमंत्रित कर पाए हों तो हमें खेद है, यह रामलीला सबकी है कृपया अगले साल सपरिवार अवश्य शामिल हों।

# जन्म के तुरंत बाद नवजातों की हुई मौत

■ चिकित्सकों ने बताया बर्थ एस्फिक्सिया का कारण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जन्म के तुरंत बाद नवजात न रोएं तो जीवन संकट में हो सकता है। पिछले साल जिले में 148 नवजात जन्म के फौरन बाद रोए नहीं, खामाशी उनकी जान ले गई। इन बच्चों की मौत का कारण बना है बर्थ एस्फिक्सिया। जन्म के चंद मिनटों में अगर बच्चा नहीं रोता है तो बच्चे के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर होता है।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू से मिली रिपोर्ट के अनुसार यहां वर्ष 2024 में एक अप्रैल से वर्ष 2025 के 31 मार्च तक एसएनसीयू में कुल 2671 नवजात भर्ती हुए, इनमें 873 बच्चे ऐसे हैं जिनमें बर्थ एस्फिक्सिया के लक्षण मिले। 148 बच्चों की मौत बर्थ एस्फिक्सिया से ग्रसित होने के कारण हुई है। जिन 148 बच्चों की मौत हुई है इनमें अधिकांश बच्चे देहात क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होकर आए थे। रिपोर्ट के अनुसार 123 बच्चे आउट बॉर्न यानि रेफर थे जबकि 23 बच्चों का जन्म जिला महिला अस्पताल में हुआ था। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुला शर्मा के अनुसार बर्थ एस्फिक्सिया को पेरीनेटेल एस्फिक्सिया और न्यूनेटेल एस्फिक्सिया भी कहा जाता है। जन्म के तुरंत बाद ऑक्सीजन बच्चे के मस्तिष्क तक नहीं पहुंच पाता और बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। इस दौरान फौरन बच्चे को उल्टा कर उसकी पीठ को थपथपाया जाता है, जिससे बच्चा रोए और ऑक्सीजन का संचार हो सके। इससे बचने के लिए गर्भावस्था के दौरान से समय पर जरूरी जांचें और कुशल चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए।

# भाजपा से लोगों का भरोसा पूरी तरह से हट चुका है: शिव चरण कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि जो लोग संविधान मनाने का दिखावा कर रहे हैं और कानून से खिलवाड़ कर रहे है, क्योंकि कहीं न कहीं सरकार का संरक्षण प्राप्त है। भाजपा सरकार से लोगों का भरोसा पूरी तरह से हट चुका है, आने वाला वक्त पीडीए का है, पीडीए पंचायत अब कटाई के बाद तुरंत चालू कर दी जाएगी।

महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं को बूथ सेक्टर जोन प्रभारी अपने अपने बूथ को मजबूत करें और बी.एल.ए की नियुक्ति करें। बैठक का संचालन पंडित दीपक शर्मा ने किया।




इस अवसर पर पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव, मनोहर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, अखलाक अहमद अंसारी पूर्व प्रत्याशी भोजीपुरा, नरेश पाल एडवोकेट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरषोत्तम गंगवार, ब्रजेश श्रीवास्तव सविता, जिला पंचायत सदस्य छेदालाल दिवाकर, अरविंद यादव, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी, ऋषि यादव, खालिद राना, संजीव कश्यप, मनोहर गंगवार, रोहित राजपूत, हिमांशु राज, राजकुमार पाल, विशाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, ब्रजेश आजाद, सुनील सागर, वरुण गिहार, शिवम प्रजापति, राम सेवक प्रजापति, सम्राट अनुजन मौर्य, नाजिम कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन बियर फैक्ट्री का बॉयलर फटा, लगी आग, दो झुलसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिशारतगंज थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में निर्माणाधीन बियर फैक्ट्री में सोमवार को अचानक बॉयलर फट गया और आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही आलाधिकारियों के साथ फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंच गईं।

जानकारी के मुताबिक ग्राम इस्माइलपुर में बियर फैक्ट्री का निर्माण चल रहा है, जिसमें अचानक एक बॉयलर फट गया। जिस वक्त यह घटना हुई उस समय फैक्ट्री के बाहर किसान अपने खेत में गेहूं काट रहे थे।

इसी दौरान तेज आवाज ले साथ बॉयलर जाकर गिरा। गनीमत रही कि किसान बच गए, और एकदम आग लग गई। आग देखकर फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। सूचना पर आंवला एसडीएम नहने राम और क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे, और दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंची, और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कोई बड़ी घटना होने से टल गई है। अधिकारी घटना के पीछ बजह जानने की कोशिश कर रहे हैं।

# फीस वृद्धि और महंगी किताबों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया और अभिभावक फीस वृद्धि व महंगी किताबों से परेशान हैं। इसको लेकर रोहिलखंड अभिभावक सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट में पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस लेने से अभिभावक परेशान हैं। इस बार फिर से करीब 15 प्रतिशत फीस बढ़ाई गई है, जो पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। निजी स्कूल हर साल बच्चों का पाठ्यक्रम बदल देते हैं, जिससे अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने इसे तीन साल में करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिभावकों को प्रधानाचार्य से मुलाकात करने का समय भी नहीं दिया जाता, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।




आरोप लगाया कि पुस्तक विक्रेता प्रिंट रेप पर किताबें बेचते हैं, जो सरासर अनुचित है। ज्ञापन देने वालों में विशाल मेहरोत्रा, शोभित सक्सेना, रामकृष्ण शुक्ला, हैदर अली, नितेश कपूर आदि शामिल रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया ग्रामीण पेयजल परियोजना का लोकार्पण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की तहसील बिलासपुर की ग्राम पंचायत शि. वनगर निकट रामनगर में 199.61 लाख रुपये की धनराशि से स्वीकृत ग्रामीण पेयजल परियोजना का लोकार्पण किया। इस परियोजना के अन्तर्गत 222 ग्रामवा. सियों को पानी के कनेक्शन दिये गये हैं, जिससे सभी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेयजल आपूर्ति हेतु आपरेटर की तैनाती भी की गयी है। तत्पश्चात राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में तहसील बिलासपुर के ग्राम रामनगर में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया। इस परियोजना के अन्तर्गत ग्राम में लगभग 278 कनेक्शन दिये गये है। सभी उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

सभी उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज ग्राम पंचायत में जमा कराया जा रहा है।

# पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने की एक बाइक सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को पैदल मार्च के दौरान कोतवाल पंकज पन्त ने एक बुलेट बाइक को सीज कर कार्यवाही की, मामला मोहल्ला फर्राशांन बिलाल मस्जिद के पास का है जब कोतवाल पंकज पन्त अतिरिक्त इंस्पेक्टर जयप्रकाश, उप निरीक्षक दिलीप कुमार अपेक्षा राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ डाकखाने की ओर से पैदल मार्च करते हुए कोतवाली की ओर जा रहे थे इस दौरान सामने से बुलेट बाइक पर सवार चार लोग सामने से आते दिखाई दिए पुलिस ने बाइक सवार चारों को रोक लिया और बुलेट मोटरसाइकिल के काग. जात मांगे इस पर बाइक सवार मोटरसाइकिल के कागज दिखाने में समर्थ रहे वही पुलिस से बाइक सवार चारों लोग बहसबाजी करने लगे इस बार कोतवाल पंकज पन्त बाइक को कब्जे में लिया और थाने में भेज दिया और विधिक कार्यवाही करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर दिया बताया जा रहा है की बाइक सवार थानागड़ी जिला संभल का रहने वाला

है और शाहबाद में अपनी मौसी के घर आया हुआ था।

# सैफनी माता बेला भवानी मंदिर पर भंडारे का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में स्थित माता बेला भवानी मंदिर पर सोमवार दसवीं को एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सुबह से हवन कर माता का भोग लगाकर कन्याओं को खिलाया गया तथा उसके उपरांत विशाल भंडारे प्रारंभ किया गया।

वहीं भंडारे में काफी भारी संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया कहते है कि माता बेला भवानी बहुत ही सच्ची है यहां पर काफी दूर दूर के लोग आकर मन्नते मांगते ओर सभी की मन्नते पूर्ण होती है भंडारा देर शाम तक रहा जिसमें उपस्थित राकेश जोशी, मास्टर अशोक जोशी,प्रवीण जोशी, संजय रस्तौगी,सुन्दर पांडे, प्रेमकुमार जोशी (भीम),रतन सैनी ,पप्पू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी ने किया सौन्दर्यीकरण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** जनपद की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में सरकारी एवं सार्वजनिक महत्व की जमीनों को संरक्षित करने तथा आकर्षक बनाने के दृष्टिकोण से प्रशासनिक स्तर से मुहिम लगातार जारी है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ नगर पालिका बिलासपुर पहुंचकर वहां नगर पालिका द्वारा झील के निकट कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सौन्दर्यीकरण को लेकर संबंधित एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलासपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने नगर क्षेत्र में सड़कों पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को नियमानुसार हटाए जाने के भी निर्देश दिये, ताकि मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने झील के सौन्दर्यीकरण को गुणवत्तापूर्ण ढंग से व निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने झील के पास अनधिकृत रूप से लगाये जा रहे ठेले आदि को भी किसी अन्यत्र स्थान पर लगवाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसडीएम बिलासपुर अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि वे अपने पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण कार्य को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# सूफी अब्दुल अजीज मियां की आम चादर पोशी में उमड़े अकीदतमंद

## सालाना 55 वां उर्स का आज दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ मे चल रहे हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां 55 वां सालाना उर्स मे आज आम चादरपोशी के मौके पर अकीकतमंदो का हुजूम उमड़ पड़ा। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ मे आज दूसरे दिन शहीद-ए-मिल्लत, अजीजुल औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का 55 वां सालाना उर्स मे आज भी दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से आम चादरपोशी के अलग अलग जुलूस बाद नामज-ए -असर शुरू हुए जो गॉव के विभिन्न मार्गो से घूमते हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचे जुलूस में मौजूद कव्वाल और उलेमा हजरत की शान में नातिया



कलाम पेश करते चल रहे थे। दरगाह पर पहुंचने के बाद सज्जाद नशीन ने चादर पोशी की चादरपोशी के बाद मौजूद अकीकत मंदो गुलपोशी भी की उसके बाद दुआ हुई।

इस मौके पर मुल्क में अमन चौन और खुशहाली के लिए दुआ की गई चादरपोशी के बाद बाद नमाज -ए-ईशा महफिले मिलाद शरीफ का आगाज हुआ। जिसमें बाहर से आए उलेमाओ ने अजीजी सिल. सिले के बारे में तफसील से बयानात किए इस मौके पर दरगाह पर महफिले शमा का भी आयोजन हुआ जिसमें दूधराज से आए हुए अकीकतमंदो ने शिरकत की इस मौके पर सज्जाद नशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह सहित सैकड़ो की संख्या मे अकीदत मंद मैंजूद रहे।

# जिले में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मे हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के खिलाफ आज कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमण्डल पूर्व विधायक अफरोज अली खां के नेतृत्व मे अधीक्षण अभियंता विधुत वितरण मण्डल (SE) रामपुर से मिला और ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन कहा गया कि गर्मी के मौसम कि शुरवात हो चुकी है रामपुर मे अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त हो चुकी है बिजली कटौती से लोगो के कारोबार भी प्रभावित हो रहे है बिजली आने जाने का कोई वक्त मुकर्रर नहीं है 24 घंटे मे रामपुर को मात्र 12 घण्टे ही बिजली मिल रही है जबकि कागजो मे 24 घण्टे बिजली आपूर्ति दर्शाए जा रही है खासतौर पर दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक सुबह 6 बजे से 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रहती है। जिस कारण लकड़ी कारोबारियो को भी भारी नुकसान होता है दिन मे केवल 6 घंटे ही बिजली मिल रही है जिस कारण आरा मशीनों के संचालन मे काफी दिक्कते आ रही है इस कारण लकड़ी कारोबारी बिजली कि समस्या से जूझ रहे है। जिससे लकड़ी कारोबारियो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है बिजली विभाग कटौती करने के नये नये बहाने बना रहा है खासतौर पर पहाड़ी गेट, अंगूरी बाग, रजा इंटर कॉलेज, डूंगरपुर, सैफनी, खोद, सैदनगर,सेजनी नानकार बिजली उपकेंद्र का तो बहुत बुरा हाल है यहाँ बिजली 12 घण्टे मे भी आँखे मे चोली का काम करती है।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता (SE) रामपुर से अनुरोध किया कि रामपुर में अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए और आम जनता को राहत देते हुए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए। ज्ञापन पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, जिला उपाध्यक्ष जुबैर खां,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नाजिश खां, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, सेवादल प्रदेश सचिव सैय्यद विक्की मियाँ, मुस्ववीर खां, महरबान अली, शाहिद अली एडवोकेट, रामगोपाल सैनी,फरीद अहमद खां, नूर मोहम्मद,जगमोहन मोना, बिलाल अंसारी, रूप नरायण आदि मौजूद रहे

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014
7906773314

# पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** पुलिस ने 3 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान की कार्यवाही की। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र के आदेश में एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की धरपकड को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह रामपुर मार्ग पर सड़क किनारे आम के बाग में एक आरोपी को



प्लास्टिक की बोरी के साथ गिरफ्तार किया।

तलाशी में पुलिस को उसके पास से तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद कुया।

पुलिस ने आरोपी मोनू सैनी पुत्र चोखे लाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर नई बस्ती थाना टाण्डा का चालान कर दिया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रामकुमार सिंह, सत्यम कुमार, हैड कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल विनय कुमार शामिल रहे।

# सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ऑटो ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बाद 1 अप्रैल 2025 से अवैध और अधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ज़िलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से ऑटो और ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 37 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 19 वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज़िलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम, आदि मौजूद रहे।





# नगर में धूमधाम से निकाली गई पंखा शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर तहसील क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मंशा देवी मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मां मंशा देवी की पंखा शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गयी। पंखा शोभा यात्रा के आगे गणपति की झांकी व शोभा यात्रा में महाकाली रोद्ररूप देखकर बच्चे व महिलाएं खुश नजर आए। चार धाम की झांकी आकर्षण केन्द्र बनी लही। अयोध्या धाम की झांकी लोग का मनमोह रही थी। उज्जैन की महाकाल की झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बांके बिहारी की झांकी भी थी। शोभा यात्रा में माता रानी का डोला सुंदर एवं भव्य तरीके से सजाया गया जिसे श्रद्धालु नंगे पांव खींच रहे थे और माता रानी के जयकारों के साथ शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। पंखा शोभा यात्रा कोठी गेट, कसेरठ बजार, बाजार बजाजा, बड़ी मंडी, पाटिया मंडी, सराफा बाजार, पुराना बाजार, पीरबाउद्दीन, बुलंदशहर रोड होता हुआ मनसा देवी मंदिर पर पहुंचा इसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी को पंखा चढ़ाया गया। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा नगर थाना प्रभारी मुनीश प्रताप और जदीद चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार को सम्मानित किया गया।



# श्री हरी चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** श्री हरी चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा आयोजित श्री राम का जन्मोत्सव शाम 8:00 बजे से चंडी मंदिर प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें अमित हापुड़ वालों के ग्रुप नेबड़ी ही मनोहर झांकियां राधा कृष्ण शिव पार्वती की झांकी बड़े सुंदर प्रस्तुति की गई जिसको भक्तों द्वारा करतल ध्वनि से फूल वर्षा कर स्वागत किया। समिति के द्वारा कोतवाल पट निश का समिति द्वारा सम्मान किया और प्रभु राम का चित्र देकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि पूरे नवरात्रि और रामनवमी उत्सव बड़े धूमधाम से अनेक वर्षों से मनाया जाता रहा है। नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता का भरपूर सहयोग मिला उसका समिति सभी लोगों धन्यवाद देती है। इस सुअवसर पर महामंत्री राहुल मित्तल कोषाध्यक्ष केशव शर्मा अमित मित्तल, विजय पाल रुहेला, अनिल कुमार, प्रशांत गोयल धीरज गर्ग मनोज मित्तल अमित टॉक मोहित गुप्ता विकास शर्मा नितिन गुप्ता अभिषेक अग्रवाल प्रेम प्रकाश र्क वाले ,फतेह चंदसक्सेना, राजेंद्र राठी आदि सदस्यों उपस्थित रहे।

# भाजपा का सदस्य सम्मेलन राजपूत इण्टर कॉलेज में आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** विधानसभा स्तर का सक्रिय सदस्य सम्मेलन पिलखवा मंडल में राजपूत इण्टर कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल रहे। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल जिलाध्यक्ष नरेश तोमर विधायक धर्मेश तोमर नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल जिला महामंत्री पुनीत गोयल मोहन राजीव सिरोही सतीश प्रमुख नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी विकास अग्रवाल ने बताया कि भाजपा में अपनी कई पर क्वेश्चन समाज की हर वर्ग के लिए भाजपा अपने प्रकोष्ठों के माध्यम से कार्यरत हैं। भाजपा का सबसे बड़ा सहयोगी संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा है 45 वर्षों में युवा मोर्चा महिला मोर्चा किसान मोर्चा पिछड़ा मोर्चा अनुसूचित मोर्चा बहुत मजबूत हुए हैं। भाजपा के सभी मोर्चे मंडल स्तर पर संगठन का विस्तार कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने बताया कि कैसे 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई अपने वैचारिक अधिष्ठान के साथ विचारधारा के स्तर पर भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। कैसे मंत्र दो सीटों वाली पार्टी आज 45 वर्ष में न केवल तीसरी बार केंद्र सरकार में है। अभी तो 19 राज्य में भाजपा सहयोगियों या बिना सहयोगियों के साथ सरकार में हैं। सांसद अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहां की कैसे चारों तरफ सड़कों का जल बीच गया है कभी एक नेता का वक्तव्य था कि अगर किसी देश से युद्ध हो जाए तो हमारे पास 10 दोनों का भी गोला बारूद नहीं है। आज मोदी सरकार में चीन जैसा देश भी कुछ करने से पहले सौ बार सोचता है। अभी तमिलनाडु में जो पुल बना है वह भारत की इंजीनियरिंग का लोहा पूरे विश्व में बनवाया है। संच. ालन महामंत्री पुनीत गोयल व नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने सबका धन्यवाद किया। इस मौके पर विश्व प्रकाश शर्मा मुकेश शर्मा प्रवीण मित्तल सुनील गर्ग लतूर सिंह भगवान बृजभूषण अग्रवाल अमित टांक बबली सिसोदिया रामवीर प्रजापति पवन शर्मा कमल सैनी रश्मि सेन अनीता सीमा जोहरवरुण शर्मा निरपेक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धौलाना मंडल अध्यक्ष योगेश सिसोदिया पिलखवा देहात अध्यक्ष हेमंत त्यागी गालंद मंडल अध्यक्ष नवीन तोमर भी उपस्थित रहे।



## एक नजर

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में गुणवत्ता शिक्षा और पुरस्कार समारोह 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच शैक्षिक दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक प्रदर्शन और गहरी शिक्षा अंतर्दृष्टि के साथ हुई।
श्रीलंका के शिक्षा प्रतिनिधि सुबह स्कूल में पहुंचे और उन्हें कक्षाओं का दौरा करने के लिए ले जाया गया। उन्होंने अपने सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया और अपने पारंपरिक गीतों में से एक को गाया। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने सारे जहां से अच्छा गाया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने प्रतिनिधियों से अपने पारंपरिक पोशाक और धर्म के बारे में सवाल किए, जिनका जवाब प्रतिनिधियों ने बहुत विनम्रतापूर्वक दिया। सम्मेलन की शुरुआत स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल और प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने सभी प्रति. निधियों का पौधे और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सम्मान चिन्ह वितरण के बाद, एक के बाद एक सांस्कृतिक प्रदर्शन हुए। जेएमएस के छात्रों ने अघोरी रूप धारण कर नृत्य किया और विदेशी व्यक्तियों को भगवान शिव की भक्ति और दिव्यता से परिचित कराया। श्रीलंकन प्रति. निधियों ने अपनी जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन किया। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक प्रेजेंटेशन दी, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। डा. अनुषा दीवान ने उन्नत शिक्षण और एसटीईएम के आधार पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। डा. रश्मि त्यागी ने भारत और श्रीलंका के सभी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। सत्र के अंत में सभी प्रतिनिधियों की सराहना की गई।




# युवा शक्ति योजना के अन्तर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**हापुड़।** सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग अनवरपुर, जिला-हापुड़ में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत कॉलेज में अध्ययनरत बीएससी/पोस्ट बीएससी नर्सिंग के छात्र/छात्राओं को सोमवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन संस्था के चेयरमैन डा.जे. रामाचन्द्रन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजयपाल आड़ती, विधायक सदर उपस्थित रहे। विधायक एवं संस्थान की मैनेजिंग ट्रस्टी सुशीला रामाचन्द्रन, वाईस चेयरपर्सन रामया रामाचन्द्रन द्वारा नर्सिंग कॉलेज के छात्र/छात्राओं को टैबलेट का वितरण करते हुए छात्राओं के आगामी भविष्य के लिये बधाई दी और तकनीकी शिक्षा से जुड़कर नवीनतम जानकारी प्राप्त कर अपने चिकित्सा कौशल में वृद्धि करते हुए चिकित्सा पद्धति को उन्नत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर डा. आर. मनो. हरी द्वारा किया गया और उन्होनें छात्र/छात्राओं को बताया कि टेबलेट का सही प्रकार से इस्तेमाल करते हुए अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इस अवसर पर सरस्वती इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेस की प्राचार्य डा.बरखा गुप्ता, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य प्रोफेसर डा. आर.मनोहरी, सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा. नितिन कुमार, संस्थान के जनरल मैनेजर एन. वरदराजन, डॉयरेक्टर रघुवीर दत्त, एचआर मैनेजर लुकरेशिया रूबावथी, नर्सिंग कॉलेज के उप-प्राचार्य केतन शर्मा, अध्यापकगण, छात्र/छात्राए एवं स्टॉफ उपस्थित रहें।



# बिना पंजीकरण कराए ई-रिक्शा बेचने पर विक्रेताओं पर की जाएगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** जिले में लोगों की समस्या का सबब बन चुके अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले ई-रिक्शा व ऑटो परिवहन व यातायात विभाग के निशाने पर है।

इसी क्रम में सोमवार को चैकिंग के दौरान ई-रिक्शा की अपंजीकृत और बिना एचएसआरपी संचालित पाये गये। जिनके खिलाफ विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए चालान और सीज़ की कार्यवाही की गई। चालकों द्वारा बताया गया कि एजेन्सी से उन्हें कोई प्रपत्र नहीं मिला है।

जिसको लेकर परिवहन विभाग ने जिले के सभी अधिकृत ई रिक्शा, ई-काट्र्स और ऑटो विक्रेताओं को निर्देशित किया कि केन्द्रीय मोटर यान नियमावली 1988 के नियम-47 के तहत कोई भी वाहन पंजीकरण कराकर एचएसआरपी लगाकर ही वाहन बेचने और बेचा संचालित करने के निर्देश है। लेकिन विक्रेताओं द्वारा ज़िलें में बिना पंजीकरण कराये ही ई-रिक्शा बेचे जा रहे है, जो कि नियमविरुद्ध है। विभाग ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी वाहन स्वामी को वाहन का पंजीयन कराकर ही वाहन बेचना सुनिश्चित करे। अगर अपंजीकृत, बिना पंजीयन चिन्ह अंकित कराये ई-रिक्शा संचालित पाया गया तो वाहन पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए विक्रेता और एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# वार्षिकोत्सव में मेधवियों को किया सम्मानित

## सुल्तानठेर स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र गांव सुल्तानठेर स्थित आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, परीक्षा फल वितरण एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व शिक्षक चंद्रपाल सिंह व जिला स्तर से एसआरजी जितेंद्र कुमार सागर, एआरपी जयवीर सिंह, महेंद्र सिंह, वरिष्ठ शिक्षक संकुल मिथिलेश एवं डॉ.पृथी सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक प्रदीप कुमार सिरोही एवं विद्यालय के शिक्षक परिमा शर्मा, नीतू शर्मा, संध्या, आशा रानी, कविता रानी, आशीष कुमार, सुधीर कुमार, जगत सिंह आदि समेत प्रबंध समिति के पदाधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों को सामग्री मुहैया कराएं

**अमरोहा।** सफाई कर्मियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंप सफाई उपकरण व किट मुहैया कराने की मांग की। ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने डीपीआरओ पारूल सिसौदिया को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री कमल सिंह ने सफाई कर्मियों को ठेली, ट्राली, फावड़ा, पारात, खुरपा, दरांती आदि सामग्री मुहैया कराने की मांग की। इसके अलावा अटैचमेंट कर्मचारियों के संचार रोग माह विकास खंडवार नाम सूची में जोड़े जाने की मांग भी की गयी। उनका कहना था कि 2008 से अब तक मात्र दो बार ही सफाई कर्मियों को उपकरण मिले हैं।

# मांगों को लेकर भाकियू ने किया एसीओ का घेराव

## चकबंदी समस्याओं को दूर करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत ने किसानों की समस्याओं को लेकर चकबंदी एसीओ का घेराव कर लिया। हंगामा होने के बाद किसानों की चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने मांगों को मान लिया है। सोमवार को मोहल्ला कायस्थान स्थित चकबंदी विभाग के एसीओ के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के कार्यकर्ता पहुंच गये। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को बताया कि गांव ओसीता एतमाली में चकबंदी की समस्याओं को लेकर किसान काफी परेशान है। उन्होंने जब चकबंदी विभाग के अधिकारी को समस्याएं बताई तो उन्होंने उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने बताया कि चकबंदी एसीओ ने किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सचिन त्यागी, शमशाद सैफी, शमशेर सैफी, प्रेम सिंह जाटव, जमील सैफी, शकील अहमद, सुशील, सुरेश, अनीश खान, ठाकुर सिंह, ओमपाल, प्रकाश, दान सहाय आदि मौजूद थे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में अंतोदय तक पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हाइवे स्थित पर श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में 'स्वस्थ शुरुआत से आशावादी भविष्य' विषय पर संगोष्ठी, डिबेट एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक

■ श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शानदार वैश्विक नेतृत्व में आज देश में अन्तिम पायदान (अन्त्योदय) पर खड़े व्यक्ति के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित हुई है। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि, अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नही, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'स्वस्थ भारत' का सपना सच करने के लिए प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे ने कहा कि, वेंकेटेश्वरा के मेडिकल स्टूडेंट्स गाँव-गाँव जाकर लोगों को स्वास्थ्य के बारे में कर रहे हैं। श्री वेंकेटेश्वरा समूह शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 'ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र' स्थापित कर गरीबों को नि:शुल्क उपचार दे रहा है। इस अवसर पर 'हेल्दी बिगनिंग, होपफुल फ्यूचर' विषय पर संगोष्ठी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नशा मुक्त भारत एवं भ्रूण हत्या निषेध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं समारोह को डा.बी.एन. सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. रमेश सिंह, प्रो. (डा.) एना एरिक ब्राउन, प्रो. (डा. ) मंजरी राणा, प्रो. (डा.) सहर्ष वाल्टर, प्रो. (डा.) मनीष कुमार शर्मा, डा. प्रज्ञा कुशवाहा, डा. अर्जुन पोसवाल, डा. दीक्षा अग्रवाल, डा. जूही कैथवास, डा. अनूप तिवारी, डा. सोहेल ने भी संबोधित किया।



# श्रीराम प्रकटोत्सव के तीसरे दिन भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** श्रीराम जयंती महोत्सव के तीसरे दिन हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने हवन में आहुति देकर सुख समद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

सोमवार को नगर के कँचन बाजार स्थित प्राचीन श्रीरामजानकी मन्दिर में श्रीराम जयंती महोत्सव के तीसरे दिन हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह पूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पंडित द्वारा हवन शुरू कराया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर हवन में पूर्ण आहुति दी। तत्पश्चात दोपहर में भगवान राम व सभी देवी देवताओं को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं शाम को यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया जो देर रात तक चला। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, विजय कुमार, नवीन दीक्षित, हर्ष भटनागर, संजीव दीक्षित, पारस सिंघल, कुसुमलता गोयल, राखी अग्रवाल आदि मौजूद थे

## भक्तों ने हवन में दी आहुतियां



# सिंगर रेणुका के शो में टूटी कुर्सियां



## भीड़ कंट्रोल करने को चलाई लाठी

नुमाइश मैदान में मशहूर हरियाणवी सिंगर रेणुका पंवार का शो हुआ। जैसे ही रेणुका पंवार ने गाना शुरू किया फैंस कुर्सी सिर पर रखकर नाचने लगे। रेणुका को देखने के लिए फैंस बैरिकेडिंग पार कर गए। स्टेज के पास पहुंचने लगे। इसी दौरान भीड़ बेकाबू होने से भगदड़ मच गई। लोगों ने कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दीं। भीड़ कंट्रोल करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान रेणुका पंवार स्टेज से ही लगातार फैंस को समझाती दिखीं।

दो हजार की थी व्यवस्था, 8 हजार लोग पहुंचे कार्यक्रम में 2 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। मगर 8 हजार लोग पहुंच गए। ज्यादा भीड़ के चलते कार्यक्रम का ग्राउंड छोटा पड़ गया। एएसपी ऋजुल ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों ने कुर्सियों फेंकी, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। लेकिन समय रहते पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया। 52 गज का दामन गाने ने दिलाई पहचान रेणुका पंवार, जिन्होंने 2017 में 'सुन सोनियो' गाने से करियर की शुरुआत की थी। उनका नाम हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर सिंगर्स में शुमार हैं। '52 गज का दामन' गाने ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई, जिसे अब तक 200 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है।

कभी 2 हजार रुपए में गाने रिकॉर्ड कराने वाली रेणुका के संघर्ष की कहानी प्रेरणादायक है। शुरुआती दिनों में स्टूडियो वाले उनके गाने तक डिलीट कर देते थे। लेकिन 'ऊंची हवेली' गाने के वायरल होने के बाद उनके सितारे बुलंदी पर पहुंच गए। फिर भी छाई रहीं रेणुका, फैंस बोले दिल जीत लिया कार्यक्रम में भले ही माहौल तनावपूर्ण हो गया हो। इसके बाद भी रेणुका पंवार की परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। लोगों ने उनके गानों पर दिल खोलकर ठुमके लगाए। मंच के पास भीड़ का सैलाब पहुंच गया। इसके चलते पुलिस को कफी मशक्कत करनी पड़ी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** रविवार की रात नुमाइश में हरियाणवी सिंगर रेणुका पंवार के शो के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई। रेणुका ने जैसे ही 52 गज का दामन गाना शुरू किया, फैंस कुर्सी उठाकर नाचने लगे। देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई और स्टेज के पास लगी हजारों कुर्सियां तोड़ दी। नुमाइश मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्टेज से रेणुका पंवार ने फैंस को समझाया। रेणुका ने कहा कि आप लोगों का इतना प्यार देखकर दिल भर आया है, लेकिन आप लोग अपनी और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। इस तरह हंगामा करना ठीक नहीं है।

# नुमाइश थिएटर के बाहर पुलिस का पहरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** नगर में आयोजित नुमाइश में रात-रात भर चल रही अश्लीलता फैला रहे थियेटर के बाहर अब खाकी का पहरा है। डीएम-एसएसपी के निर्देश पर एएसपी आईपीएस ऋजुल ने अवैध तरीके से चल रहे सभी थियेटर बंद करवा दिए। नुमाइश के ठेकेदार को नोटिस थमाया गया और इसके बाद शनिवार और रविवार की रात को किसी भी थियेटर को नहीं चलने दिया गया। आईपीएस ऋजुल ने खुद पूरे अभियान की कमान संभाली और नुमाइश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को भी कड़ी चेता. वनी दी कि यदि यह डांस दोबारा हुए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही थियेटर के बाहर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। नुमाइश में एक सिपाही की पिछले 8 साल से लगातार ड्यूटी लग रही है। बताया कि ठेकेदारों और नुमाइश थाना प्रभारी निरीक्षक के बीच यह सेतु का काम करता है और नुमाइश में चल रही सभी अवैध गतिविधियों को इसी सिपाही के द्वारा अंजाम दिया जाता है। मामले की जानकारी एसएसपी को मिल चुकी है। इसकी भी जांच की जा रही है। एएसपी ऋजुल का कहना है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील डांस नहीं होने दिए जाएंगे।

# आस्था के साथ प्रतिमाओं को कराया नगर भ्रमण



**गजरौला।** 11वें चैत्रीय नवरात्र महोत्सव के दसवें दिन आयोजक मण्डल के पदाधिकारियों ने कलाकारों द्वारा बनाई गईं मां दुर्गे व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को आस्था के साथ नगर भ्रमण कराते हुए तिगरी गंगा तट पर ले जाकर विसर्जित किया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, मां दुर्गे के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजित हो रहा था। बता दें कि नगर के मायापुरी स्थित नवदुर्गे प्राचीन चामुण्डा मंदिर में 11 वें नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नवरात्र की प्रत्येक रात्रि में भजन, कलाकारों की झांकियो समेत अनेकों आयोजन किए गए। अतिथियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। संस्थापक डॉ.सुमेर चंद के नेतृत्व में आयोजित महोत्सव में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा सुन्दर रूप से मां दुर्गे व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं बनाई गईं थीं, जिन्हें आयोजक मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराते हुए सोमवार को तिगरी गंगा तट पर विजर्सित किया गया। पंडित योगेश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं का विजर्सन कराया।

# आरएसएस के स्थापना दिवस पर पथ संचालन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती नगर स्थित विवे. कानंद सरस्वती शिशु मंदिर से हुई। स्वयंसेवकों ने धर्म ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पथ संचलन में शामिल सभी कार्यकर्ता पूरा गणवेश में थे और उनके हाथों में लाठियां थीं। मार्ग में भारत माता की जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन का मार्ग टॉकीमल की बगीची से शुरू होकर पंचवटी मैरिज होम, पुराना जीटी रोड, दामोदर तिराहा, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार, वैधवाड़ा, चौधरीवाड़ा होते हुए परशुराम चौक और कुत्ते की कब्र से होकर वापस विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मीराज सिंह, देवेंद्र सिंह सोलंकी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने याद दिलाया कि 100 वर्ष पहले डॉ0 केशव हेडगेवार ने समाज को संगठित करने के लिए संघ की स्थापना की थी। साथ ही सरस्वती बालिका विद्या मंदिर और विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** नगर में भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कोषाध्यक्ष अनिल गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के इतिहास और उपलब्धियों पर चर्चा की। वरिष्ठ नेता चमन गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। सभी लोगों ने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर ध्वजारोहण किया।

# पोखर में गिरने से मासूम की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में पोखर में गिरने से एक मासूम बालक की मौत हो गई। एक घोड़े को पोखर से निकालने के दौरान बालक के गिर जाने की आशंका है। हादसे से पीड़ित परिजनों में को. हराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात के गांव मिर्जापुर में फरमान का मकान पोखर के पास है। रविवार की देर शाम फरमान के पड़ोसी मेहराज का पालतू घोड़ा पोखर में गिर गया। उस घोड़े को निकालने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कई बच्चे भी वहां पहुंच गए। उसी अफरा-तफरी में फरमान का ढाई साल का पुत्र अदनान के भी पोखर में गिरने की आशंका है। लोगों ने किसी तरह घोड़े को पोखर से निकाल लिया। इसके कुछ देर बाद अदनान के लापता होने का पता चला। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उसकी खोजबीन शुरू की गई तो पोखर में उसकी चप्पल दिखाई दी। पोखर में खोजबीन के दौरान देर रात अदनान का शव पोखर में मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। नई मंडी चौकी प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में बालक की पोखर में डूबने से मौत होने का पता चला है। पीड़ित पक्ष द्वारा मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# मुठभेड़ में लुटेरे को लगी गोली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिस मुठभेड़ के दौरान पहासू थाना क्षेत्र में शातिर लुटेरे राजीव के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात को थाना पहासू पुलिस और स्वाट टीम मुखबिर की सूचना पर जटौला नहर पुलिया पर चे. कंग कर रही थी। तभी बरौली की ओर से एक स्कूटी पर संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसको रूकने का इशारा किया गया। वह नहीं रुका और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए स्कूटी को तेजी से मोड़कर पलड़ा झाल की ओर भागने लगा। जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश की पहचान राजीव जोशी निवासी मौ0 सराय झाँझन कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से पिस्टल 30 बोर, 2 खोखा व स्कूटी बरामद हुई है।

# शिक्षक से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई हो

## कोतवाल से अध्यापकों की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शिक्षक के साथ गाली गलौज मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले आरो. पियों के खिलाफ 3 में जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। शिक्षकों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कोतवाल से वार्ता की हैं।

सोमवार को शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल से मुलाकात कर शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। उन्होंने बताया गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव पिपलोती खुर्द के प्राथमिक स्कूल में तैनात सहायक अध्यापक किरन पाल सिंह के साथ 4 अप्रैल को विद्यालय आते समय ग्राम गुरेठा में तैनात सहायक अध्यापक अतुल चौधरी विक्रम सिंह द्वारा गाली गलोंच मारपीट की गई और जाति सूतक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिये गये थे। डायल 112 पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थी। थाना पुलिस को भी सूचना दी गई थी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी हसनपुर पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं किया गया हैं। जिसके चलते शिक्षकों में रोष फैला हुआ है। अभी तक शिक्षक का मेडिकल भी नहीं कराया गया है। और न हीं कोई कानून कारवाई की गई है। पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ शिक्षकों में नाराजगी फैली हुई हैं। उनका कहना था कि जल्द से जल्द मारपीट करने वालों को गिरफ्तार किया जाये। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह करतार सिंह पवन कुमार विनोद कुमार गौतम जयवीर सिंह निर्देश कुमार विकास राहुल ओम प्रकाश दिलीप युसूफ खान मनीष कुमार जगबीर सिंह मेहताबुद्दीन सुंदर सिंह सोम सिंह थान सिंह आदि मौजूद थे



हसनपुर। कोतवाल से वार्ता करते शिक्षक।

## मनरेगा एफटीओ व विकास कार्य भी हुए ठप, जनता हो रही परेशान

# दो माह से बिना लेखाकार के विकासखंड कार्यालय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकास खंड अधिकारी अब डांवाडोल स्थिति में हैं। कार्यालय में तैनात लेखाकार के तबादले को दो माह से अधिक का समय बीत गया हैं। उनके बाद से अभी तक यहां लेखाकार का टोटा चल रहा है। इससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। शाशन स्तर से बाबुओं के तबादले तो कर दिए, लेकिन उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती नहीं की गई।

खंड विकास अधिकारी कार्यालय मंडी धनौरा में दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद बिना किसी लेखाकार के चल रहा है ऐसे में कोई भी काम समय पर नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कई विकास कार्य रुके हुए हैं तो कुछ पूर्ण होने के बाद उनका भुगतान नही हो सका है। ऐसा नही है कि स्थानीय अधिकारियों ने रिक्त पद की सूचना उच्चाधिकाररियो को नही दी हो लेकिन उसके बाबजूद भी जिम्मेदार अधिकारी शायद इस बात से अनजान बने हुए हैं। उच्चाधिकाररियो ने दो बार आदेश भी जारी किये लेकिन अभी तक उन आदेशों का अनुपालन नही हो सका हैं। विकास खंड में तैनात लेखाकार जितेंद्र यादव का यहां से मुरादाबाद जीएसटी विभाग के लिए स्थानांतरण हो गया। 31 जनवरी को उन्हें रिलीव भी कर दिया गया इसके बाद से अभी तक विकास खंड कार्यालय को कोई लेखाकार बाबू नही मिला है। जितेंद्र कुमार का स्थानांतरण हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया है। ऐसे में तमाम विकास कार्य सहित अन्य काम रुके हुए हैं। बताते हैं कि जितेंद्र यादव के स्थानांतरण के बाद गजरौला में तैनात नत्थू लाल को धनोरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया लेकिन उन्होंने चार्ज नहीं संभाला उन्हें अमरोहा भेज दिया गया। विजेंद्र कुमार कुमार गजरौला के लेखाकार बने इसके साथ ही उन्हें मंडी धनौरा का भी अतिरिक्त चार्ज दिया गया। इसी बीच जोया ब्लॉक में मनरेगा योजना में हुए फर्जीवाड़े में विजेंदर कुमार की जांच टीम कक रिपोर्ट में दोषी मिले ऐसे में उनके खिलाफ की कार्यवाही की जा रही हैं। लेकिन मंडी धनौरा में तैनात जितेंद्र यादव का स्थानांतरण हुए दो माह बीत जाने के बाद आज भी कार्यालय में पड़ी खाली कुर्सी लेखाकार की इंतजार कर रही हैं। लेखाकार के न होने से मनरेगा के साथ ही क्षेत्र पंचायत के विकास कार्य ठप पड़े है और पुराने कार्यो का भुगतान भी नही हो रहा है। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार गंग. वार ने बताया कि जितेंद्र कुमार के बाद से किसी लेखाकार ने कार्य नहीं संभाला है। विजेंद्र कुमार को अतिरिक्त चार्ज मिला था तो वह जोया के मनरेगा मामले में घिरे हुए हैं। लेखाकार की तैनाती के लिए लगातार अधिकारियों को पत्राचार किया जा रहा है

# कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार

## स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पीएम श्री संवि. लियन विद्यालय सुनगढ़ माफी में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम व स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस दौरान गांव में भ्रमण करते हुए बच्चों ने विभिन्न नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने अभिभावकों को जागरुक करते हुए कहा कि अपने अभिभावक होने के कर्तव्य का निर्वहन करें। बच्चों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित न होने दें। रैली के दौरान कुछ बच्चे अपने हाथों में नारे व स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह बच्चों के साथ नारे लगाकर अभिभावकों को सरकार द्वारा बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते धनराशि उपलब्ध कराना एवं निशुल्क पाठ्य पुस्तक आदि के बारे में जागरूक कर रही थी। वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर संजय कुमार, प्रेम सिंह, कुलदीप सिंह, शिव कुमार, रेनू, ग्राम प्रधान यूसुफ अली मौजूद रहे

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन

### कहाः यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे

**लंदन, वार्ता।** हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

## पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चंडीगढ़, वार्ता।** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और




**हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है**

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शामं 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्सः** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्सः रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

## टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर


**मियामी।** लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

## एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**स्वट्जरलैंड।** एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ

- गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि( ख्र्षणा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, श्गेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, श्हम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

## एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

**केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है**

**कोलकाता, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निक. ोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर एलएसजी के लिए विकेट लेने वालों में से रहे हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी चिंता का विषय बनी हुई है। रवि बिश्नोई और युवा दिग्वेश सिंह राठी को बीच के ओवरों में खास भूमिका निभानी होगी। ईडन गार्डन्स की पिच स्पिनरों के अनुकूल है और धैर्य से खेलने पर फायदा हो सकता है, इसलिए मंगलवार का मुकाबला इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक टीम बीच के ओवरों में कितनी अच्छी तरह से संभलकर खेलती है। शाम को हल्की नमी के साथ मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

**केकेआर** की टीम में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा है और प्रभावशाली खिलाड़ी के तौर पर अंगकृष रघुवंशी को रखा गया है। **एलएसजी** की टीम में मार्कराम, मिशेल मार्श, पूरन, पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष, डेविड, अब्दुल समद, शार्दुल, दिग्वेश सिंह राठी, आकाश दीप, अवेश खान को लिया।

## पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

- पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसेमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

## बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

**हेड को सिराज ने पहले ओवर में किया आउट, चयनकर्ताओं को भी दिया जवाब**

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली। इस मैच से पहले हेड ने आईपीएल में कभी सिराज का सामना नहीं किया था।

## अव्याना बनीं अंडर-17 की राज्य शतरंज चैंपियन

**अव्याना ढिल्लो ने कुल 5 में से कुल 4.5 अंक अर्जित किए**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उप्र शतरंज खेल सौर के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीता. पुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4-5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। अव्याना देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं।




## इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना



**हैदराबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर-पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

## आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को दिया 222 का लक्ष्य

- विराट कोहली 67 और देवदत्त 37 के बीच 91 रनों की शानदार साझेदारी हुई

**मुबंई, वार्ता।** विराट कोहली (67)देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में सोमवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पांड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी



मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पढिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पांड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्द्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। बेंगलुरु के लिए दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र27 गें. दों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गए। विकेटकीपर रायन रिकलटन ने काफी दूर जाकर उनका कैच पकड़ा।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

## महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

## साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं



महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्रियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए

**1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है**



**अशोक भाटिया**

दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने



उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?

फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।

# बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

**अर्पिता व्यास**

**लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।


लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के

**3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है**

कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेलेनियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेलेनियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा./कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।



स्रोत फीसर्च

# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...



**विनीत नारायण**

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल

**देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा**




करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाएटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों-विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टेरेंटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।




स्रोत फीसर्च




# बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

# अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण

**बीजिंग।** चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में



मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

# हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी



**भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं**

**रियाद।** सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।

सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

## मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

# गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

**यरूशलम/गाजा।** हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।

College Code- 1223
Islamia Degree College, Deoband, Saharanpur
Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to AKTU Lucknow
Applications are invited to the following post for MCA & MBA Programmes

| Designation | MCA Programme No. of Post | MBA Programme No. of Post |
|---|---|---|
| Professor | 01 | 01 |
| Associate Professor | 01 | 01 |
| Assistant Professor | 04 | 02 |

Last date for Receiving Applications at the institute by E-mail on idcdeoband@gmail.com or by post is :15/04/2025
Qualifications and Pay scale for the teaching staff as per AICTE and UGC Guidelines.
Candidates should carry all the original documents, Experience Certificate, Identity Proof (Aadhar card and Pan Card) and 2 Passport size Photographs at the time of interview
Preference will be given to experienced candidates.
Address: Near indra Park Deoband, Distt.- Saharanpur,(U.P.)
Contact: +91 8755525452, +91 9045143298

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499